


# लोकतंत्र की हत्या करने वालों को नहीं भूलेगा देश

## आपातकाल की 50वीं बरसी पर आयोजित कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आपातकाल की 50वीं बरसी पर बुधवार को सफेदाबाद स्थित मेयो इंस्टीट्यूट में भाजपा ने विविध कार्यक्रम आयोजित किये। लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि 50 साल पहले नेहरू-गांधी परिवार के अहंकार के चलते देश पर से आपातकाल थोपा गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की हत्या करने वालों को देश कभी नहीं भूलेगा।

डिप्टी सीएम मेयो इंस्टीट्यूट में आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल थोपा। 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है। डिप्टी सीएम ने कहा कि कांग्रेस का मानना है कि देश पर शासन करने का अधिकार केवल एक परिवार को है। कांग्रेस अब भी नरेंद्र मोदी जैसे साधारण पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार नहीं कर पा रही है। प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस के अत्याचार को देश की जनता कभी भूल नहीं सकती। क्षेत्रीय मंत्री संजय गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस में लोकतंत्र का अभाव है। भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल, जिपं अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, एमएलसी अंगद सिंह, एससी एसटी अयोग के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ रावत, पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, राम कुमारी मौर्य, अमरीश रावत, विजय आनंद बाजपेई, शीलरत्न मिहिर, संदीप गुप्ता, नवीन सिंह राठौर, डॉक्टर विवेक वर्मा और गुरुशरण लोधी आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

### उप मुख्यमंत्री ने किया पौधरोपण

डिप्टी सीएम ने मेयो इंस्टीट्यूट परिसर में आम्रपाली , प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने अमरूद का पौधा रोपित करके पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने आपातकाल की 50 वीं बरसी पर लगी प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया।आपातकाल के दौरान तत्कालीन कांग्रेसी सरकार द्वारा देश भक्तों पर किए गए अत्याचारों के मार्मिक चित्रों को दर्शाया गया है।

### ये लोकतंत्र सेनानी किये गये सम्मानित

संगोष्ठी में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक एवं प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने 12 लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया। सम्मानित किए जाने वालों में अजय सिंह गुरु, सुशील कुमार वर्मा, राम मिलन मिश्रा, लल्लू प्रसाद, ममता गुप्ता, इंदु प्रकाश निगम, प्रह्लाद, गोकरण शामिल रहे।


लोकतंत्र सेनानियों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

# लोगों ने लोकतंत्र की रक्षा का लिया संकल्प

**बाराबंकी, अमृत विचार :** डीआरडीए सभागार में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, डीएम शशांक त्रिपाठी और सीडीओ अन्ना सुदन ने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की। लोगों ने कैनवास पर हस्ताक्षर कर लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आपातकाल के समय की घटनाओं को दर्शाती विशेष चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। लोकतंत्र सेनानी राम मिलन मिश्र, अजय सिंह गुरुजी, सुशील कुमार वर्मा और लल्लू प्रसाद वर्मा को सम्मानित किया गया। 25 जून 2025 से 25 जून 2026 तक प्रदेशभर में लोकतंत्र जनजागरण वर्ष मनाया जाएगा। इस दौरान संगोष्ठियां, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं और नागरिक अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सेनानी अजय सिंह गुरुजी ने युवा पीढ़ी को लोकतंत्र की रक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## कारागार में निरुद्ध बंदी की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला कारागार में निरुद्ध एक बंदी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। कारागार प्रशासन की ओर से मंगलवार रात बंदी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया था। प्रशासन के अनुसार बंदी कमजोर व एचआईवी पाजिटव था। वहीं परिजनों का कहना है कि गिरफ्तारी के बाद मेडिकल में वह स्वस्थ था। इलाज में लापरवाही बरती गई है।

जैदपुर के ब्रह्मनान के रहने वाले मुन्ना मिश्रा का पुत्र आकाश उर्फ बाबा (33) 2012 में हत्या के प्रयास में वांछित था। उसे सतरिख पुलिस ने लखनऊ में सुरेन्द्रनगर से गिरफ्तार कर 22 जून को जेल भेजा था। कारागार प्रशासन के अनुसार मंगलवार की रात बंदी आकाश की तबीयत खराब हुई तो उसे जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है।

# हादसों में दो की मौत, तीन घायल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बुधवार को तीन अलग-अलग हादसों में तेज रफ्तार डंपर और अज्ञात वाहनों की टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार, थाना क्षेत्र के ग्राम नचना निवासी गयाप्रसाद (40) अपने साढू सोनेलाल और साथी रिंकू के साथ किसी कार्यवश बाइक से बुढ़वल चौराहे गए थे। तीनों बुधवार दोपहर वापस लौटते समय हाईवे पार कर रहे थे, तभी बहराइच की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक समेत तीनों डंपर में फंसकर घिसटते चले गए। बाइक चालक गयाप्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं गंभीर रूप से घायल रिंकू को सीएचसी रामनगर से जिला अस्पताल रेफर किया गया।


रामनगर क्षेत्र में डंपर के नीचे फंसी बाइक निकालते पुलिसकर्मी व लोग।

सोनेलाल को मामूली चोटें आईं। हादसे के बाद चालक मौके पर ही डंपर छोड़कर फरार हो गया।

बाराबंकी-लखनऊ हाईवे पर सफेदाबाद में बुधवार को एक डीसीएम में पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। डीसीएम चालक मुंशीलाल चौहान निवासी महाराष्ट्र वाहन की स्टेयरिंग में फंस गया। पुलिस ने चालक को सदर अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीसीएम को चौकी मोहम्मदपुर में खड़ा कराया गया है। पुलिस ने हादसे की सूचना परिजनों को दे दी है। रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-अयोध्या राजमार्ग पर मोहम्मदपुर चौराहा के पास मंगलवार रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक गौरवा सादुल्लापुर निवासी शिवनाथ घायल हो गया। उसे सीएचसह बनीकोडर में भर्ती कराया गया है।

## हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सफदरगंज थाना क्षेत्र में चार साल पहले हुई हत्या के एक मामले में न्यायालय ने दोषी को आजीवन कारावास व 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी कोर्ट ने हत्या के प्रकरण में दोषसिद्ध शुभम तिवारी दोषी मानते हुए कठोर सजा सुनाई। हालांकि, दोषी को एससी/एसटी एक्ट के अंतर्गत दोषमुक्त कर दिया गया। 27 जुलाई 2021 को जयकिशन ने थाने में तहरीर दी थी कि उसके पुत्र की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। इस पर थाना सफदरगंज में विभिन्न धाराओं के तहत शुभम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी रामस्वरूप सोनकर द्वारा की गई। उन्होंने वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलन करते हुए अभियुक्त के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

# घर में लगे तार में उतरा करंट, मां-बेटी की मौत

संवाददाता, बनीकोडर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बुधवार सुबह बूंदाबांदी के बीच लोहे के तार पर कपड़े फैलाने गई मां-बेटी की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोहे के तार में करंट कैसे उतरा, इसकी जांच की जा रही है।

घटना असंद्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम असंद्रा में हुई। यहां के रहने वाले अली हैदर की पत्नी कनीज फातिमा बुधवार को पुत्री चमन जहरा के साथ घर में कपड़े धो रही थीं। कपड़े धोने के बाद चमन गीले कपड़े लेकर लोहे के तार पर फैलाने चली गई। कपड़े डालते ही चमन तार में अचानक उतरे करंट की चपेट में आकर तड़पने लगी। पुत्री को तड़पता देख उसे बचाने आई मां कनीज भी करंट की चपेट में आ गई। जब तक परिजन कुछ कर पाते, मां-बेटी दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इस हादसे को लेकर गांव भर में चर्चा का माहौल रहा। लोग इस बात पर भौचक थे कि उसी तार पर रोज कपड़े डाले जाते थे, उनमें करंट कहां से आ गया। कोतवाल आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि शवों को पीएम के लिए भेज दिया गया है। लोहे के तार में करंट कैसे उतरा, इसकी तकनीकी जांच कराई जा रही है।

## एक ही दिन में तीन बाइकें चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर में एक ही दिन में अलग-अलग स्थानों से तीन बाइकें चोरी हो गयीं।

बेल्हरा हाउस के अधिवक्ता सुफयान अख्तर ने बताया कि मंगलवार को वह अपने भाई की बाइक से कोर्ट आए और वाहन को बार गेट के पास खड़ा किया। शाम को जब वह लौटे तो बाइक नहीं थी। धर्मेंद्र ने बताया कि उनकी बाइक पल्हरी टेम्पो स्टैण्ड ककरहिया जसवंत नगर से चोरी हो गई।

रामप्रकाश ने बताया कि वह कचहरी आए थे। उन्होंने अपनी बाइक जिला बार गेट के पास लॉक कर खड़ी की थी, जो कुछ ही घंटों में चोरी हो गई। तीनों मामलों में कोतवाली नगर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# चोरी की 9 बाइकों के साथ शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग अलग जगहों से चोरी कर एक जगह छिपाकर रखी गईं नौ बाइक पुलिस के हाथ लगी हैं। पुलिस ने एक शातिर को भी गिरफ्तार किया है।

थाना रामसनेहीघाट पुलिस ने शातिर ऑटो लिफ्टर मुकेश जायसवाल को दरियाबाद अण्डर-पास के निकट से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर चोरी की 9 बाइकें बरामद की गईं। पूछताछ से पता चला कि आरोपी बाराबंकी व आस-पास के जनपदों में भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजार व पार्कों में खड़ी बाइक चोरी करता है। इन बाइकों को बूढ़े बाबा मंदिर के पास पुराने पुल के निकट झाड़ियों में छिपाकर रखा गया था। चोरी के बाद बाइक कम दामों पर आम लोगों को बेच दी जाती हैं। बरामद एक बाइक ग्राम गौरवा के पास से तथा मोहम्मदपुर कीरत चौराहा के पास से चोरी की गयी थी, अन्य बरामद मोटरसाइकिलों के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।

### चोरी की दो बाइकों के साथ पकड़ा गया बदमाश

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद पुलिस ने चोरी की दो बाइकों के साथ आदित्य रावत को डमौल क्रासिंग भट्ठापुरवा से गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक तमंचा मय कारतूस व चोरी करने के उपकरण भी बरामद हुए। आरोपी साथी मुकेश रावत के साथ मिलकर आसपास के जनपदों में रेकी कर वारदात को अंजाम देता था। आरोपी ने बरामद मोटर साइकिलें लखनऊ से चोरी करना स्वीकार किया है।

व्यवस्था

विलय के लिए प्रक्रिया शुरू, बीईओ को मिली जिम्मेदारी, फैसले के खिलाफ प्राशिसं ने सीएम को भेजा ज्ञापन

# एकत्र हो रहा कम नामांकन वाले स्कूलों का ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** 50 से कम नामांकन वाले स्कूलों का ब्योरा एकत्र करने का काम शुरू कर दिया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग ने जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से ऐसे स्कूलों की रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट मिलने के बाद इनके विलय की प्रक्रिया शुरू होगी। विलय वाले स्कूलों को बाल वाटिका में बदलने की तैयारी चल रही है।

बताते चलें कि सरकार के फैसले के तहत 50 बच्चों से कम नामांकन वाले परिषदीय स्कूलों का विलय निकट के ही किसी स्कूल में कर दिया जाएगा। जो स्कूल विलय किए जाएंगे उन्हे बाल वाटिका में बदलने की तैयारी है। बाल वाटिका में तीन से छह साल के बच्चों की पढ़ाई की जाएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव ने बताया कि सभी कम नामांकन वाले स्कूलों को मर्ज करने के लिए बीईओ से प्रस्ताव मांगा गया है।


विलय प्रकिया के विरोध में उतरे शिक्षक। अमृत विचार


अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पवन कुमार को ज्ञापन देते शिक्षक नेता अभिषेक सिंह।

### परिषदीय स्कूलों के विलय का शिक्षकों ने किया विरोध, कहा- आरटीई का उल्लंघन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कम छात्र संख्या के आधार पर परिषदीय विद्यालयों के विलय के खिलाफ बुधवार को शिक्षकों ने विरोध जताया। प्राथमिक शिक्षक संघ ने गन्ना संस्थान परिसर में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह की अगुवाई में शिक्षकों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पवन कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। शिक्षक संघ ने विद्यालयों के विलय प्रक्रिया को तुरंत रोकने की मांग की है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में संशोधन किए बिना स्कूलों का विलय कानून का उल्लंघन है। जिला महामंत्री नीरज कुमार वर्मा, जूनियर शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष अशोक सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ कोषाध्यक्ष अफजाल अहमद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मान सिंह, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, जितेंद्र यादव, विकास जायसवाल, कुसुमलता, निधि राज, रुचि कुमारी, सारिका, रवि वर्मा, लोकेश आदि थे।

## एक नजर

### नशे में धुत युवक ने महिला के साथ की अभद्रता

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में शनिवार रात एक महिला के साथ अभद्रता और मारपीट की घटना सामने आई। घटना 22 जून की रात हुई। जब पीड़िता अपने घर लौट रही थी। पंकज यादव नशे में धुत था। उसने रास्ते में बेवजह महिला से अभद्रता की। विरोध पर उसने महिला की पिटाई कर दी। उसके माता-पिता मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### तीन बच्चों की मां को लेकर युवक फरार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** असन्द्रा कोतवाली क्षेत्र में तीन बच्चों की मां घर से लापता हो गई। पुलिस को दी तहरीर में पति ने बताया कि उसकी पत्नी गत 11 जून को लापता हो गई। पति का आरोप है कि सुनील कुमार पासवान उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### राजस्व भूमि पर कब्जा करने वाले पर रिपोर्ट दर्ज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील नवाबगंज अन्तर्गत ग्राम खजूरगांव परसपुर देवा में राजस्व व ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। गांव के ही निवासी आशीष राजपूत ने ग्रामसभा की चकमार्ग, नाली और रास्ते की भूमि को अपने प्लॉटिंग में मिला लिया है। लेखपाल महेश चन्द्र की की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### आरोपी की निशानदेही पर चोरी के जेवर बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** असन्द्रा पुलिस ने चोरी के आरोपी की निशानदेही पर जेवर बरामद किये हैं। पुलिस ने न्यायालय से कस्टडी रिमांड प्राप्त कर आरोपी राजकुमार रावत से सख्ती से पूछताछ की। आरोपी ने अपने घर में छिपाकर चोरी के जेवर बरामद करा दिये। आरोपी को बीती 5 जून को सुबेह पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

### भड़काऊ पोस्ट डालने वाला युवक पकड़ा गया

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** एक युवक ने इंस्टाग्राम पर वर्ग विशेष को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट डाल दी। पुलिस ने न सिर्फ उसे हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की, बल्कि उसके खिलाफ सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास का मामला भी दर्ज किया है। कटरा निवासी वकार ने बीते दिनों अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भड़काऊ पोस्ट साझा की थी। इंस्पेक्टर अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि युवकके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### अमावस्या पर दादी मंदिर में विशेष आयोजन

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री नारायणी मंदिर में अमावस्या पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। दादीजी की आरती के उपरांत शिव ओम अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर भोग लगाया गया। कार्यक्रम में राजकुमार झुनझुनवाला, राजेंद्र झुनझुनवाला, उदय नारायण अग्रवाल और शैलेंद्र सिंघल, अनुज अग्रवाल, संजीव गोयल, राम कुमार मिश्रा, अंशुमान झुनझुनवाला, शांतम अग्रवाल और संतोष झुनझुनवाला भी मौजूद रहे।

### दो जोड़े फिर एक साथ रहने को हुए राजी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** महिला थाना प्रभारी, महिला परामर्श केन्द्र की काउंसिलिंग के परिणामस्वरूप 2 दम्पति फिर एक साथ रहने के लिए राजी हो गए। काउंसिलिंग के बाद दोनों पक्षों में आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया।

### मकान पर गिरी बिजली

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** थानपुर गांव स्थित माताफेर मौर्य के मकान पर बुधवार को आकाशीय बिजली गिरी। इस घटना में मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। आकाशीय बिजली से घर में खड़े वाहन भी प्रभावित हुए। साथ ही घर में मौजूद बिजली के उपकरण, कपड़े और अन्य सामान जलकर नष्ट हो गए। प्रशासन मामले की जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई कर रहा है।

## सार-संक्षेप

### घटिया सामग्री से निर्माण, सभासदों ने की शिकायत


वार्ड-7 में होता नाली निर्माण।

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय नगर पंचायत में आपसी गुटबाजी के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। चेयरमैन, कुछ सभासद और पूर्व अधिशासी अधिकारी धीरज सिंह के बीच चल रही खींचतान का असर जनहित के कार्यों पर दिख रहा है। लोगों का आरोप है कि मालिनपुर वार्ड-7 में ग्राम ताला रोड पर कैलाश निषाद के मकान तक बन रही पक्की नाली में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ठेकेदार पीली ईंटों और निम्न गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल कर रहे हैं। स्थानीय लोगों और सभासदों ने इस पर आपत्ति जताई है। सभासद बीनू तिवारी ने कहा कि नगर पंचायत में तालमेल की कमी से जनता को नुकसान हो रहा है। कुछ सभासदों ने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई है। जेई अभिषेक सिंह ने कहा कि निर्माण स्थल का निरीक्षण किया जाएगा। अनियमितता पर कार्रवाई की जाएगी। ठेकेदार का भुगतान भी रोका जा सकता है।

### टास्क फोर्स की बैठक में कार्ययोजना बनाने के निर्देश

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खंड बनीकोडर में बुधवार को संचारी रोग विशेष अभियान को लेकर टास्क फोर्स की बैठक बीडीओ डॉ. विनय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 1 से 31 जुलाई तक चलने वाले अभियान की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। विकासखंड स्तर पर अंतर विभागीय समीक्षा की गई। सभी विभागों को निर्देश दिया गया कि वे अपनी कार्य योजना स्वास्थ्य विभाग के पास जमा करें। बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनीकोडर के अधीक्षक डॉ. अमरेश कुमार उपस्थित रहे। उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश चंद्र सिंह ने भी बैठक में हिस्सा लिया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत शैलेंद्र दुबे और कृषि महेश वर्मा भी मौजूद रहे। बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रभा शुक्ला ने भी बैठक में भाग लिया। रामसनेहीघाट के अधिशासी अधिकारी के प्रतिनिधि, खंड शिक्षा अधिकारी बनीकोडर के प्रतिनिधि और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी बैठक में शामिल हुई।

### चित्रकला प्रशिक्षणशाला का आयोजन

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के लेफ्टिनेंट अनिरुद्ध शुक्ल महाविद्यालय में ग्रीष्म कालीन चित्रकला प्रशिक्षण शाला का आयोजन किया गया। बता दें कि बुधवार को राज्य कला अकादमी के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन चित्रकला प्रशिक्षणशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबन्धक तरुण शुक्ला, अध्यक्ष उदय शुक्ल, प्राचार्य डा. आशुतोष राव ने किया। प्रबन्धक तरुण शुक्ला ने कहा कि कला सोच को मूर्ति में बदल देती है। कार्यक्रम में संयोजक विनोद सिंह, रंजन कुमार सिंह, कलाकार रवि कुमार अग्रहरी की प्रमुख भूमिका रही। संचालन प्रवक्ता सुधीर सैनी ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम सह संयोजक प्रवक्ता सोनाक्षी यादव सहित कॉलेज के समस्त प्रवक्ता और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### प्राथमिक विद्यालय से हजारों का सामान ले गए चोर


जांच करता पुलिसकर्मी।

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** शातिर चोरों ने मंगलवार की रात सरकारी स्कूल समेत दो जगहों पर धावा बोला। चोर जहां स्कूल से लाखों का सामान लेकर चंपत हो गए। वहीं दूसरी जगह पर चौकीदार के जाग जाने पर चोर सामान छोड़कर फरार हो गए। थाना लोनीकटरा क्षेत्र अन्तर्गत मंगलवार की रात खेमीपुर स्थित पानी टंकी के परिसर में लगे इन्वर्टर व बैट्रा लेकर चोर बाइक से भाग रहे थे। इस बीच चौकीदार शिवपाल की सक्रियता के चलते चोर सारा सामान रास्ते में ही छोड़ भाग गए। दूसरी घटना में चोरों ने इसी रात उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरे खुशहाल मजरे सराय पांडे पर धावा बोला। यहां पर कई कमरों के ताले तोड़ने के अलावा एक अन्य कक्ष का रोशनदान तोड़ने के बाद टीवी, इन्वर्टर, बैटरियां, एम्प्लीफायर, सेट टाप बाक्स के अलावा किचन का ताला तोड़ गैस सिलेंडर, प्रेशर कुकर व अन्य सामग्री समेट ले गए। प्रधानाचार्य कमलेश सिंह व चौकीदार शिवपाल ने घटना की सूचना लोनीकटरा पुलिस को दी। थानाध्यक्ष अभय कुमार मौर्य ने बताया कि दोनों घटनाओं में मौके की जांच की गई है।

### वैज्ञानिकों ने रिमोट सेंसिंग के बताए उपयोग



कार्यशाला में मौजूद जिलाधिकारी और अन्य लोग। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन्स सेंटर द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीएम शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने रिमोट सेंसिंग और जीआईएस तकनीक के उपयोग पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ वैज्ञानिक अमित सिन्हा, डॉ. सुधाकर शुक्ला और परियोजना वैज्ञानिक डॉ. जय कुमार मिश्रा एवं हिमांशु कुमार ने जनपदवार तैयार किए गए डिजिटल डेटाबेस का प्रस्तुतीकरण किया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इनमें परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला पंचायत अधिकारी और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी शामिल थे। साथ ही सामाजिक वानिकी, मनरेगा, जल निगम और लघु सिंचाई विभाग के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### सौतेली मां पर किया हमला, बचाने गये पिता को भी पीटा

**निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना घुंघटेर क्षेत्र में सौतेली मां पर दो भाइयों ने हमला कर दिया। उसे बचाने आया पिता भी पिटाई का शिकार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। अटाहरा की गीता सिंह के अनुसार उनके पति संतोष सिंह ने पहली पत्नी के निधन के बाद उनसे विवाह किया था। पहली पत्नी से दो बेटे अनिल सिंह और अंकित सिंह हैं, जिन्हें खेत और मकान का हिस्सा पहले ही दे दिया गया है। इसके बावजूद दोनों बेटे गीता सिंह के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। महिला का आरोप है कि अनिल और अंकित शराब के नशे में अक्सर गाली-गलौज करने, मारने की धमकी देने के साथ ही घर से बाहर निकालने का प्रयास करते हैं। 3 जून की रात करीब 9 बजे दोनों ने गाली-गलौज कर ईंटों से हमला कर दिया। जब पति संतोष सिंह बीच-बचाव करने आए, तो उन्हें भी पीटा गया। पुलिस ने मामला संज्ञान में लेकर जांच प्रारंभ कर दी है।

### मोबाइल चोरी के शक में भाई पर हमला

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** टिकैतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम फत्तापुर कलां में मोबाइल चोरी के शक में एक व्यक्ति पर उसके ही भाइयों ने हमला कर दिया। सियाराम ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि बीती 23 जून की रात उसका भाई मंसाराम सो रहा था। तभी किसी ने उसका मोबाइल चोरी कर लिया। चोरी के शक में अगली सुबह मंससराम ने सियाराम और उसके घर की तलाशी ली, पर मोबाइल नहीं मिला। 24 जून की शाम मंसाराम और एक अन्य भाई सजीवन ने सियाराम के साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों और डंडों से हमला कर दिया। बचाव में आई सियाराम की पत्नी भानमती को भी पीटा। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल सियाराम को सीएचसी टिकैतनगर में भर्ती कराया है।

### खड़ंजा लगाने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोहना मजरे मित्तई में सरकारी खड़ंजा लगाए जाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में एक ही परिवार के कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। गोहना मजरे मित्तई निवासी गिरजा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि मंगलवार को दिन में करीब 3 बजे उनके घर के सामने खड़ंजा लगाने का कार्य हो रहा था। मुकेश ने अपने दरवाजे के पास खड़ंजा न लगाने की धमकी दी। जब ठेकेदार ने मिट्टी डालनी चाही तो उसने रोक दिया। विरोध पर मुकेश ने गालियां देते हुए अपने भाई नरेंद्र, विपिन, सुरेन्द्र, पप्पू, प्यारे और एक अज्ञात व्यक्ति के साथ गिरिजा देवी के नाती शुभम पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, बीच-बचाव करने पहुंचे अंकित को भी पीटा गया। हमलावरों ने मोटरसाइकिल भी तोड़ डाली। शोर सुनकर गांव के लोग इकट्ठा हुए और मामले को शांत कराया। मित्तई चौकी प्रभारी अखिलेश प्रजापति ने बताया कि तहरीर के अनुसार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### पंजाब में मजदूरी करने गये युवक करंट लगने से मौत

पहला, सीतापुर, अमृत विचार : सदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गद्दीपुर मजरा अकबापुर निवासी रामप्रकाश का 25 वर्षीय अपने घर की हालत सुधारने के लिए बीबी बच्चों के साथ पंजाब राज्य के नवाशहर जिले के थोपिया थाना अंतर्गत थोपिया गांव में एक किसान के घर काम करता था। परिजनों के मुताबिक, मंगलवार की रात करीब नौ बजे मोटर में उतरे करंट की चपेट में अनिल कुमार आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। अनिल के एक 5 साल का पुत्र अंश तथा 3 साल की पुत्री आंशी है। हादसे के बाद गांव में कोहराम है। परिवार के लोगों का रो- रोकर बुरा हाल है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

सीतापुर,अमृत विचार : महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान घुरेहटा गांव के रहने वाले 32 वर्षीय पंकज यादव के रूप में हुई। बताते हैं कि पंकज बाइक पर हरी मिर्च लादकर महमूदाबाद से सिधौली की ओर जा रहे थे। मरहमतनगर के पास स्थित पुलिया के निकट एक ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पंकज की मौके पर ही मौत हो गई।

### दिव्यांग चिन्हांकन शिविर का आयोजन

संवाददाता पहला, अमृत विचार : तहसील महमूदाबाद के विकास खंड पहला में दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण कॉक्लियर इंप्लांट योजना एवं पोलियो करेक्टिव सर्जरी योजनान्तर्गत चिन्हांकन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 43 फार्म जमा किए गए। जिनमें 33 को ट्राई साइकिल, चार को कान मशीन, 6 स्मार्ट केन आंखों के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी, सहायक पंचायत विकास अधिकारी रामकिशोर वर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. राहुल कुमार तथा पहला बीपीएम अनुपम वर्मा कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### अवैध तमंचे के साथ शातिर गिरफ्तार

लहरपुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में अपराधियों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी लहरपुर के निर्देशन में थाना लहरपुर पुलिस ने अभियान चलाते हुए एक शातिर को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान ग्राम सलारपुर मजरा चंदेसुवा थाना लहरपुर निवासी कल्लू यादव पुत्र चंद्रभाल यादव को चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया। उसके पास से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामदगी का दावा किया है।

### चोरी की घटनाओं का खुलासा, एक गिरफ्तार

कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जिले में लूट, चोरी, नकबजनी और छिनैती जैसी आपराधिक घटनाओं की रोकथाम और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। थाना कमलापुर पुलिस ने चोरी की घटनाओं में वांछित आकाश उर्फ लल्लू निवासी ग्राम पट्टी मजरा महोली को रेलवे क्रॉसिंग तालाब तिराहा के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से मौके पर 12,990 नगद और एक लोहे की रॉड बरामद की गई।

### शातिर गिरफ्तार, नकदी व औजार बरामद

कमलापुर,अमृत विचार : एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जिले भर के थानों में शातिरों के विरुद्ध अभियान जारी है। कमलापुर पुलिस ने चोरी की वारदात में लिप्त एक शातिर को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान आकाश उर्फ लल्लू निवासी ग्राम पट्टी, मजरा महोली, थाना कमलापुर के रूप में हुई। आरोपी के पास से 12 हजार से अधिक नकदी बरामद हुई है।

# खाद संकट गहराया, समितियों में नहीं पहुंच रही सप्लाई

## समिति में नहीं है खाद, किसान बोले-समय पर न मिले तो शुरू हो जाती है कालाबाजारी

संवाददाता मछरेहटा, सीतापुर


सुनसान पड़ी साधन सहकारी समिति मछरेहटा। अमृत विचार


स्टॉक मिलान कराते उपजिलाधिकारी बिसवां। अमृत विचार

अमित विचार : खाद संकट लगातार गहराता जा रहा है। हाल ही में प्रदेश के कृषि मंत्री द्वारा किए गए औचक निरीक्षण और जिला कृषि अधिकारी के निलंबन के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं दिख रहा है।

साधन सहकारी समितियों पर समय से खाद नहीं पहुंच रही, जिससे किसानों को निजी बाजार से महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है। सूत्रों के मुताबिक, मछरेहटा ब्लॉक में कुल 11 साधन सहकारी समितियां संचालित हैं और लगभग सभी स्थानों पर खाद की उपलब्धता को लेकर हालात बेहद खराब हैं। मछरेहटा स्थित साधन सहकारी समिति के सचिव अमरीश दीक्षित ने बताया कि 29 दिसंबर से केंद्र पर यूरिया नहीं आई है, वहीं 31 मार्च से डीएपी भी नहीं आई। इससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान धीरेन्द्र, बबलू, दिलीप और संतोष कुमार का कहना है कि समितियों पर खाद न मिलने से वे मजबूरी में बाजार से ऊंचे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर हैं। इससे उनका आर्थिक बोझ और बढ़ जाता है। हरिपालपुर समिति के सचिव अरुण कुमार यादव ने कहा कि दस दिन पहले ही खाद वितरित हुई थी, लेकिन उसके बाद से कोई आवंटन नहीं आया। डिमांड पहले ही भेजी जा चुकी है, पर अब तक खाद आने की कोई सूचना नहीं है।

> समितियों को डिमांड के अनुरूप खाद नहीं भेजी जाती, और जो आती है वह भी समय पर नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि मारामारी और कालाबाजारी की स्थिति पैदा होती है। अगर समय से पर्याप्त खाद उपलब्ध हो जाए तो किसानों को भटकना नहीं पड़े और निजी दुकानदारों के शोषण से भी बचा जा सके।
> – मयंक बाजपेई, एडीओ कोऑपरेटिव।

### बिसवां में खाद की दुकानों का स्टॉक मिलान

बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार : एसडीएम बिसवां ने खाद की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम मनीष कुमार ने अंसार खाद भंडार ग्राम गुरेरा, राजेश खाद भंडार ग्राम गुरेरा और फिरदौस ट्रेडिंग कंपनी लहरपुर रोड बिसवां के यहां खाद क्रय विक्रय की जानकारी ली, स्टॉक मिलान करवाया। वहीं गुरेरा स्थित आरडी खाद भंडार व मंसूर खाद भंडार बंद पाए गए। उपजिलाधिकारी ने किसानों को बुलाकर उनसे खाद के दाम के सम्बंध में जानकारी ली।

# लोकतंत्र विरोधी सोच का परिणाम थी इमरजेंसी : मयंकेश्वर सिंह

## लोकतंत्र संग्राम सेनानियों का हुआ सम्मान, प्रदर्शनी व संगोष्ठी का भी आयोजन

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर


पौधरोपण करते प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार : देश में आपातकाल लगाए जाने की 50 वीं बरसी पर भाजपा द्वारा प्रदर्शनी, पौधरोपण और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर को भाजपा ने काला दिवस के रूप में मनाते हुए कांग्रेस की तत्कालीन नीतियों की तीखी आलोचना की।

गेस्ट हाउस में प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि 25 जून 1975 को कांग्रेस सरकार द्वारा लगाया गया आपातकाल उनकी लोकतंत्र विरोधी सोच का स्पष्ट प्रमाण था। उन्होंने कहा कि उस दौर में न केवल बड़े नेताओं को जेल में डाला गया, बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता का भी गला घोंटा गया। भाजपा के प्रदेश महामंत्री और अवध क्षेत्र के प्रभारी संजय राय ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें ना संविधान की समझ है और ना ही उसकी मर्यादा का ज्ञान, इसलिए वह विदेश जाकर देश के खिलाफ बोलने से भी नहीं चूकते। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि इमरजेंसी के दौर में देश को गहरे संकटों का सामना करना पड़ा। जिला प्रभारी नीरज सिंह ने इंदिरा गांधी के शासनकाल की नीतियों को निष्ठुर और अलोकतांत्रिक करार देते हुए लोकतंत्र के रक्षार्थ संघर्ष करने वाले नेताओं की सराहना की। भाजपा के एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में एमएलसी पवन सिंह चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष उमाकांत मिश्रा, अजय गुप्ता, अचिन मल्होत्रा, विश्राम सागर राठौर, सुधाकर शुक्ला, जयप्रकाश पांडेय, अनूप विश्वकर्मा, अमन विक्रम सिंह, संतोष शुक्ला, कंचन प्रभा पांडे, अनीत मिश्रा, सागर गुप्ता सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सम्मानित लोकतंत्र संग्राम सेनानी उपस्थित रहे।

### लोकतंत्र संग्राम सेनानियों का हुआ सम्मान

राजकीय इंटर कॉलेज में आपातकाल पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका अवलोकन प्रभारी मंत्री, प्रदेश महामंत्री, जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारी सहित भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने किया। प्रदर्शनी के उपरांत लोकतंत्र संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया गया।

### राष्ट्रीय आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर हस्ताक्षर अभियान

सीतापुर,अमृत विचार : राष्ट्रीय आपातकाल दिवस की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज में राज्यमंत्री व जनपद प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान राज्यमंत्री ने नागरिकों को आपातकाल के दौर में लोकतंत्र पर हुए प्रहार की याद दिलाई और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण का संकल्प दिलाया। इसके पश्चात उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित विशेष प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। जिसमें आपातकाल से जुड़े दस्तावेज, चित्र और जनआंदोलन की झलकियां प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, भाजपा उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला समेत अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षक, छात्र एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



प्रदर्शनी के दौरान हस्ताक्षर करते प्रदेश महामंत्री संजय राय। अमृत विचार

### मॉक ड्रिल के सहारे टोही जाएगी सुरक्षा की नब्ज

संवाददाता बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार : गांजरी क्षेत्र में बाढ़ एवं आपदा से बचाव के लिए मॉकड्रिल का आयोजन गुरुवार को विकास क्षेत्र रेउसा के चहलारी घाट पुल के निकट किया जाएगा। तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि तहसील क्षेत्र के अंतर्गत चहलारी घाट पुल के निकट मॉक डिल एक्सरसाइज की जाएगी। यह मॉक ड्रिल अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नितीश कुमार व उपजिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार के नेतृत्व में किया जायेगा। उन्होंने मॉकड्रिल के बारे में बताया कि बाढ़ के दौरान नाव पलटने की स्थिति में लोगो को बचाने के लिए अभ्यास किया जाएगा। यह मॉकड्रिल तहसील की आपदा प्रबंधन तैयारियों का मूल्यांकन करेगी। तैयारियों में किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर उसे तुरंत दूर किया जाएगा। इस अभ्यास में सभी संबंधित विभाग सक्रिय रूप से भाग लेंगे। बाढ़ आपदा से बचाव के लिए मॉकड्रिल एक्सरसाइज के समय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण, पुलिस, अग्निशमन एवं इमरजेंसी सर्विस, विद्युत, राजस्व विभाग, एनडीआरएफ होमगार्ड समेत ग्राम प्रधान व स्कूल के बच्चें उपस्थित रहेंगे।

### डीएम ने किया एसबीपीएल सीजन-1 का पोस्टर विमोचन

सीतापुर, अमृत विचार : जिया चैंबर क्लब द्वारा आगामी 11 व 12 जुलाई को होने वाली सीतापुर बैडमिंटन प्रीमियर लीग( एसबीपीएल) सीजन-1 का पोस्टर विमोचन डीएम अभिषेक आनंद ने किया। यह प्रतियोगिता तरणताल परिसर स्थित बहुउद्देशीय हॉल में संपन्न होगी। प्रतियोगिता के संयोजकों ने बताया कि अंडर-14, 16, 18 बालक-बालिका एकल-युगल, पुरुष-महिला ओपन एकल-युगल, तथा मास्टर्स एकलव युगल वर्गों में खेला जायेगा। आयोजन समिति के सदस्य डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी ने बताया कि प्रतियोगिता में देश के विभिन्न शहर लखनऊ, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, पीलीभीत, उन्नाव, लखीमपुर, रायबरेली, मुरादाबाद, रामपुर, कानपुर, ग्वालियर, सहारनपुर सहित अन्य जनपदों से 200 से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेंगे।

# परंपरागत तरीके से हो ताजियेदारी : एएसपी

संवाददाता तंबौर, सीतापुर


पीस कमेटी की बैठक के दौरान उपस्थित अपर पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारी।

अमृत विचार : आगामी मोहर्रम के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से एएसपी उत्तरी आलोक कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक थाना परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में एएसपी ने कहा कि जिन स्थानों को पूर्व में ताजिया रखे जाते थे इस वर्ष भी वहीं पर रखे जाएंगे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि वे पर्व को सौहार्दपूर्ण, शांतिपूर्वक एवं परंपरागत तरीके से मनाएं, कहा कि जिन स्थानों पर पूर्व में ताजिया रखे जाते थे, इस वर्ष भी वहीं पर रखे जाएंगे। सीओ लहरपुर नागेंद्र चौबे व थाना इमलिया सुल्तानपुर के सीओ दीपक कुमार सिंह ने बताया कि ताजिया की ऊंचाई परंपरागत मानक पर आधारित होना चाहिए। इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह ने कहा कि परंपरानुसार त्यौहार मनाया जाए। इस मौके पर कस्बा इंचार्ज अमित दूबे, एसआई शीतला प्रसाद यादव, पूर्व चेयरमैन नसीम नेता, मेराज प्रधान, पंकज मिश्रा, ईशा खान, मौलाना इदरीस, मौलाना शाहिद, हबीब सुल्तान, साबिर अली, जियाउल हक, हाजी फारूक, आजम बेग, मुहिल खान आदि मौजूद रहे।

# नेवादा में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर

अमृत विचार: नेवादा गांव में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट प्रीमियम लीग की शुरुआत हो गई है। इस रोमांचक टूर्नामेंट में सभी मुकाबले नॉकआउट फॉर्मेट में खेले जा रहे हैं और हर टीम में 9-9 खिलाड़ी शामिल हैं। प्रत्येक मैच 6 ओवर का होगा और खेल सिक्स सेट की बॉलिंग से खेला जाएगा। मैच में स्प्रिंग कूटा बॉल का उपयोग किया जा रहा है।

टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार, अंपायर का निर्णय अंतिम माना जाएगा और खिलाड़ियों को अंपायर से बहस की अनुमति नहीं होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीमों को 750 की एंट्री फीस चुकानी पड़ी है। विजेता टीम को 5100 का नकद पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि उपविजेता टीम को 2100 की इनामी राशि प्रदान की जाएगी।

टूर्नामेंट आयोजन समिति में शिवपूजन यादव, राहुल वर्मा, कमल यादव, सौरभ सिंह, गुलशन सिंह, वाहिद अंसारी और बीपी दीक्षित को जिम्मेदारी सौंपी गई है। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य गांव के युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करना और प्रतिभाओं को मंच देना है। रात में जगमग रौशनी के बीच खेले जा रहे मुकाबलों से नेवादा गांव का माहौल पूरी तरह खेलमय हो गया है।

## श्रद्धांजलि सभा

कैप्टन मनोज पांडेय की जयंती पर गूंजा भारत माता की जय, रूढ़ा गांव में आयोजित समारोह में उमड़े लोग

# रूढ़ा से खालूबार तक आज भी गूंजता है कैप्टन मनोज का नाम

संवाददाता,कमलापुर,सीतापुर


रूढ़ा गांव में स्थित शहीद स्थल।


जयंती पर मौजूद सैन्य अधिकारी और इलाका वासी। अमृत विचार

- सैनिकों व एनसीसी कैडेट्स ने दी सलामी
- गोरखा रेजिमेंट व अफसरों की मौजूदगी में हुए कई कार्यक्रम

अमृत विचार : कारगिल युद्ध के अमर शहीद कैप्टन मनोज पांडेय की 50वीं जयंती पर बुधवार को रूढ़ा गांव में 22 बटालियन एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में भव्य श्रद्धांजलि सभा हुई आयोजित। सुबह से ही ग्रामीणों सहित जिलेभर से लोग शालिम होकर श्रद्धा-सुमन अर्पित की। एनसीसी कैडेट्स और गोरखा रेजिमेंट के जवानों ने कैप्टन को सलामी दी।

25 जून 1975 को सिधौली तहसील के कसमंडा विकास खंड क्षेत्र के रूढ़ा गांव में जन्मे कैप्टन मनोज पांडेय की जयंती पर बुधवार को जिलेभर में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। कैप्टन के पैतृक गांव रूदा स्थित प्रतिमा स्थल पर सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। गोरखा रेजिमेंट लखनऊ से आए अधिकारियों के साथ जिले के प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। कैप्टन मनोज पांडेय ने कारगिल युद्ध के दौरान दुश्मन के कब्जे से खालूबार चोटी को मुक्त कराते हुए 3 जुलाई 1999 को वीरगति प्राप्त की थी। उन्होंने तीन दुर्गों को फतह किया और अंतिम बंकर तक लड़ते हुए प्राणों की आहुति दी। उनके अद्वितीय पराक्रम के लिए उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। जयंती कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि मनोज पांडेय न केवल जिले बल्कि पूरे देश की शान हैं। उनके शौर्य को नमन करते हुए पीएम मोदी ने अंडमान निकोबार के एक द्वीप का नाम उनके नाम पर रखा है, जो हर भारतवासी के लिए गर्व की बात है। श्रद्धांजलि सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखा गया और भारत माता की जय के नारों के बीच ग्रामीणों और अधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। शाम को कैंडल मार्च निकाला गया जिसमें स्कूली बच्चों, एनसीसी कैडेट्स और पूर्व सैनिकों ने हिस्सा लिया। रूदा गांव के युवाओं ने कहा कि कैप्टन मनोज पांडेय की वीरगाथा उन्हें सेना में जाने के लिए प्रेरित करती है।

## तीन बाइकों के साथ दो गिरफ्तार

सेउता, सीतापुर, अमृत विचार: पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में चोरी, नकबजनी व छिनैती की घटनाओं में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना रेउसा पुलिस को सफलता मिली।क्षेत्राधिकारी बिसवां दिनेश शुक्ल के नेतृत्व में थाना रेउसा पुलिस टीम ने दो शातिर ऑटोलिफ्टरों को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान मुफीद पुत्र जमील निवासी छरेहटा मजरा सोहरिया, थाना तंबौर और शीबू पुत्र इदरीश निवासी नरियन टोला, कस्बा व थाना तंबौर के रूप में हुई। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने तीन चोरी की बाइकें बरामद की है।

## सार-संक्षेप

### अमावस्या स्नान में गया किशोर सरोवर में डूबा, मौत


रामजी की फाइल फोटो।

लहरपुर, सीतापुर,अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बस्तीपुरवा मजरा खानपुर मोहद्दीनपुर निवासी एक 17 वर्षीय किशोर रामजी पुत्र पुतान की बुधवार को अमावस्या के अवसर पर महामाई देवी माता मंदिर में पूजा अर्चना के दौरान सरोवर में डूबने से मौत हो गई। आषाढ़ अमावस्या के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु ग्राम अनिया कलां स्थित प्रसिद्ध महामाई देवी मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे थे। रामजी भी माता के दर्शन और पूजा के लिए गया था। सरोवर में हाथ-पैर धोते समय उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया, जिससे वह डूब गया। मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं ने शोर मचाकर उसे सरोवर से बाहर निकाला और 108 एम्बुलेंस की सहायता से उसे लहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### बांके से हमला, युवक गंभीर

कमलापुर, सीतापुर,अमृत विचार : थाना क्षेत्र के बसईडीह ग्राम पंचायत के मजरा घाट में शराब के नशे में हुए विवाद के बाद तुलसीपुर निवासी हरिहर ने घाट निवासी टिंकू पर बांके से हमला कर घायल करने का आरोप लगाया है। सूत्रों के मुताबिक, कहासुनी के दौरान हरिहर सड़क पर गिर पड़े जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। वहीं, हरिहर पक्ष का आरोप है कि टिंकू ने जानलेवा हमला किया। घायल को सिधौली सीएचसी से जिला अस्पताल होते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि मामला आपसी विवाद का है, जांच के बाद कार्रवाई करी जाएगी।

### पर्यावरण परिवर्तन संवर्धन परिषद के सदस्य बने विकास

सीतापुर,अमृत विचार : राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू को भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद में उत्तर प्रदेश में राज्य सदस्य मनोनीत किया गया है। ऐसे में प्रथम बार आगमन पर उनका जिले भर में स्वागत हुआ। महाराजा छीता पासी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा स्व. राजेंद्र गुप्ता, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा, महात्मा गांधी, अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद, राजमाता अहिल्या बाई होल्कर, भगवान परशुराम की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। भगवान परशुराम मंदिर में बेलपत्र का पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मीतू बाजपेई, राहुल मिश्रा, निर्भय ब्राह्मण, प्रभात अग्निहोत्री, प्रदीप शुक्ला, विकास शुक्ला, विवेक अवस्थी, योगेश, अमर पाल, अलोक, बबलू, पंकज सहित अन्य उपस्थित रहे।

### नेत्र शिविर में 35 मरीज ऑपरेशन के लिए चिह्नित


शिविर के दौरान ग्रामीण के नेत्र की जांच करतीं चिकित्सक। अमृत विचार

संवाददाता सदरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : सदरपुर के जाफरपुर कला स्थित आजाद इंटर कॉलेज में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 120 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए 35 मरीजों को ऑपरेशन के लिए सीतापुर आंख अस्पताल भेजा गया। सदरपुर इलाके के ग्राम जाफरपुर कलां में स्थित आजाद इंटर कॉलेज में नेत्र शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें इलाके के मरीजों ने आंख से संबंधित जैसे आंख लाल होना, आंख से आंसू गिरना, आंखों से कम दिखाई देना, मोतियाबिंद, काला मोतियाबिंद, दूरदृष्टी कम होना आदि रोग सहित चश्मे की जांचें हुई। शिविर का आयोजन विद्यालय के प्रबंधक सलीम खान और विद्यालय के प्रधानाचार्य वकील खान व मंजू मिश्रा ने किया। नेत्र शिविर के आयोजन में नेत्र चिकित्सक डॉ. कमल, डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. सजल, डॉ. हरनाम सहित अन्य सहयोगी शामिल हुए।

### सनातन विरोधियों को जनता देगी जवाब : मयंकेश्वर शरण



सीतापुर, अमृत विचार : वृंदावन कॉरिडोर को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के बयान ने प्रदेश की सियासत में उबाल ला दिया है। सीतापुर दौरे पर आए प्रदेश के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस पर सनातन धर्म का विरोध करने का आरोप लगाया। मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि विनाशकाले विपरीत बुद्धि। कांग्रेस को भारत के धार्मिक स्थलों की भव्यता से समस्या है। वह केवल सनातन धर्म और उसकी परंपराओं का विरोध करने में लगी है। अब 140 करोड़ सनातनियों का विरोध कांग्रेस का मुख्य एजेंडा बन चुका है। लेकिन अब सनातनी जाग चुका है और कांग्रेस-सपा जैसी पार्टियों को नकार चुका है। उन्होंने अजय राय द्वारा राम मंदिर में दो बार प्राण प्रतिष्ठा संबंधी बयान पर जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस को सनातन का ज्ञान नहीं है, तभी वह दोनों प्राण प्रतिष्ठाओं में फर्क नहीं समझ पा रहे। ये बयान उनकी अज्ञानता का प्रतीक है। मेरा सुझाव है कि अजय राय यूपी के किसी छोटे गांव के प्राइमरी स्कूल में जाकर दोबारा शिक्षा ग्रहण करें।

### सील की गई दुकानों का नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण


दुकान का भौतिक सत्यापन करती विभागीय टीम। अमृत विचार

संवाददाता सांडा, सीतापुर, अमृत विचार : कृषि मंत्री के औचक निरीक्षण में सीज की गई दुकानों को अधिकारियों ने खुलवाकर मौजूद स्टाक का सत्यापन किया गया | विकास खण्ड सकरन के सांडा कस्बे में सोमवार को कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही के औचक निरीक्षण में कार्रवाई कर सीज की गई खाद बीज की दुकानों को नायब तहसीलदार की मौजूदगी में प्रभारी जिला कृषि अधिकारी व फर्म के स्वामी की उपस्थिति में सील दुकानों के भीतर रखे उर्वरक कीटनाशक के स्टाक का सत्यापन पॉस मशीन से स्टाक का मिलान कर भौतिक सत्यापन कराया गया। इस दौरान खाद बीज व कीटनाशक के नमूने लिए गए। जांच अधिकारियों ने बताया कि नमूने ग्रहित कर प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजे जाएंगे। जांच के दौरान नामित मजिस्ट्रेट नायब तहसील सुधीर श्रीवास्तव, जिला कृषि रक्षा अधिकारी शिवशंकर, मनोज कुमार, रामसुरेश, अर्जित त्रिपाठी के साथ अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### आषाढ़ अमावस्या: नैमिषारण्य में आस्था का सैलाब


नैमिषारण्य तीर्थस्थल में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। अमृत विचार

नैमिषारण्य, सीतापुर, अमृत विचार : नैमिषारण्य में आषाढ़ अमावस्या के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। देवदेवेश्वर घाट, चक्र तीर्थ और गोमती नदी के राजघाट पर लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और पूजन-अर्चन कर पुण्य अर्जित किया। सुबह से ही तीर्थ स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने लगी थी। स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं ने पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध कर्म किए। साथ ही जरूरतमंदों को अन्न-वस्त्र और दक्षिणा दान दी। श्रद्धालुओं ने मां ललिता देवी मंदिर,हनुमान गढ़ी,कालीपीठ मंदिर,व्यास गद्दी और सूतगद्दी में दर्शन कर पूजन संपन्न किया। चक्र तीर्थ के प्रधान पुजारी राज नारायण पांडे ने बताया कि आषाढ़ अमावस्या को हलहारिणी अमावस्या भी कहा जाता है, जिसमें विशेष रूप से किसान अपने हल और कृषि उपकरणों का पूजन करते हैं। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करना, ब्राह्मणों को दान देना तथा गाय, कौवा और चींटियों को भोजन कराना अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है।

### अलग-अलग स्थानों से पकड़े गए 15 वारण्टी

संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में गंभीर अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों और न्यायालय में प्रचलित वादों से संबंधित वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए सघन अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत थाना तालगांव, लहरपुर, तंबौर और संदना पुलिस टीमों ने कुल 15 वांछित/वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई की।

## सार-संक्षेप

### कार की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

**अमेठी , अमृत विचार।** महसौ ग्राम पंचायत निवासी 45 वर्षीय त्रिभुवन यादव अमेठी कस्बे में स्थित एक गैस एजेंसी पर काम कर रहे थे मंगलवार देर रात वह ड्यूटी कर बाइक से घर जा रहा था। बस डिपो के पास एक कार उनसे टकरा गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया एम्बुलेंस घायल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी ग ई जहां डॉक्टर देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया प्रभारी निरीक्षक रवि सिंह ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कार को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

### दीवार गिरने से मजदूर गंभीर रूप से घायल

**फुरसतगंज, अमेठी अमृत विचार।** केसरिया गांव निवासी पप्पू का 25 वर्षीय पुत्र प्रदीप फुरसतगंज कस्बे में स्थित रायबरेली- सुल्तानपुर राजमार्ग के निकट राम शुगर टेंट हाउस के निर्माणाधीन आवास में मजदूरी कर रहा था। कुछ दिन पहले वहां सीढ़ियों का निर्माण हुआ था, जिसकी शटरिंग खोलते समय अचानक संतुलन बिगड़ने से जीने की दोनों दीवारें ढह गईं और प्रदीप उसके मलबे के नीचे दब गया। मौके पर मौजूद गृहस्वामी और अन्य लोगों ने तुरंत मलबे से घायल प्रदीप को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुरसतगंज पहुंचाया। वहां उपस्थित अधीक्षक डॉ. अभिषेक शुक्ला ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायबरेली जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### लाभार्थियों का ई केवाईसी नही कराने पर रुकेगा वेतन

**सिंहपुर अमेठी,अमृत विचार।** महिला एवं बाल विकास परियोजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं एवं 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को पुष्टाहार प्रदान किया जाता है। अब इस योजना का लाभ केवल उन्हीं को मिलेगा, जिन्होंने समय पर अपना ई-केवाईसी व फेस कैप्चर पूरा किया है। बाल विकास परियोजना सिंहपुर के अंतर्गत बड़ी संख्या में लाभार्थियों का ई-केवाईसी अब तक लंबित है। इसके चलते विभाग ने ऐसे सभी लाभार्थियों का पुष्टाहार 24 जून 2025 से स्थगित कर दिया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें 25 जून से तीन कार्य दिवसों तक सभी लंबित लाभार्थी अपने केंद्र पर ई-केवाईसी पूरा कर सकते हैं।परियोजना अधिकारी धर्मेंद्र गौतम ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका पर गंभीर रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि जिन केंद्रों पर लाभार्थियों का ई-केवाईसी लंबित पाया गया है, वहां की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय रोका जाएगा, साथ ही उनसे तीन दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है।धर्मेंद्र गौतम ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समय पर पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना सभी कार्यकत्रियों की जिम्मेदारी है। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी की जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं कार्यकत्री की होगी |

### कार्बन क्रेडिट के आधार पर पेड़ लगाने पर मिलेगा भुगतान

**संग्रामपुर अमेठी अमृत विचार।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में वन विभाग ने नई पहल शुरू की है। अब जो किसान खेतों या मेड़ों पर पौधरोपण करेंगे, उन्हें कार्बन क्रेडिट के आधार पर हर साल भुगतान किया जाएगा। भौंसिंहपुर पौधशाला बीट प्रभारी एवं वन दरोगा रणवीर सिंह ने बताया कि जो किसान ग्राम प्रधान को उपलब्ध कराए गए पौधों से फलदार या इमारती कम से कम 100 पेड़ लगाएगा, उसे टेरी संस्था की ओर से एक वर्ष बाद कार्बन क्रेडिट के आधार पर भुगतान दिया जाएगा। यह राशि हर साल बढ़ती जाएगी, जिससे किसानों को स्थायी लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत पौधे लगाने वाले किसान पांच वर्षों तक उन पेड़ों की कटाई नहीं कर सकेंगे। योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसानों को बीट प्रभारी के पास पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के लिए किसानों को अपनी खसरा, खतौनी, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं आधार कार्ड वन विभाग कार्यालय में जमा करने होंगे।

### बैंती-पूरे तिलकराम सम्पर्क मार्ग खस्ताहाल, जिम्मेदार बेखबर

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** शिवगढ़ क्षेत्र का बैंती – पूरे तिलकराम सम्पर्क मार्ग जर्जर एवं गड्ढों में तब्दील हो चुका है। इससे ग्रामीणों एवं क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस सम्पर्क मार्ग को देखकर यह अंदाजा लगाना मुश्किल हो रहा है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। पूर्व जिला पंचायत सदस्य केतार पासी, प्रांजुल अवस्थी, राजेंद्र कुमार राज, पूर्व जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र उर्फ बबलू वर्मा आदि लोगों ने पीडब्ल्यूडी विभाग से इस सम्पर्क मार्ग का जल्द से जल्द नवीनीकरण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि मानसून सिर पर आ गया आ गया है किसी दिन भी बारिश शुरू हो सकती है। बारिश होने पर इस सम्पर्क मार्ग की हालत बद से बदतर हो जाएगी। बारिश में गड्ढों में पानी भरने से नवीनीकरण नहीं हो पाएगा। यदि बारिश में संबंधित विभाग ने नवीनीकरण करा भी दिया तो चंद दिनों में सड़क उधड़ जाएगी। इस बाबत जब पीडब्लूडी विभाग के अधिशासी अभियंता महिपाल सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सड़क के नवीनीकरण के लिए टेण्डर हो गया है। अन्य सम्पर्क मार्गों की मरम्मत एवं नवीनीकरण कराया जा रहा है। जल्द ही इस संपर्क मार्ग का भी नवीनीकरण कराया जाएगा।

### दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव नयाखेड़ा मजरे धुराई में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें चार लोग घायल हो गए। दो की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एक पक्ष से पीड़ित युवती के भाई ने आरोप लगाया कि उसकी 20 वर्षीय बहन मंगलवार की शाम शौंच के लिए गई थी। गांव के गोविन्द कुमार ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मारापीटा। दूसरे पक्ष से उन्नाव जिले के थाना क्षेत्र बिहार के गांव कोइलियाखेड़ा निवासी सेवादेवी पत्नी गयाप्रसाद ने आरोप लगाया है कि मंगलवार को गुड्डू और अंशू ने मेरे पिता भोला प्रसाद और मां पुन्नादेवी को गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडों से पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। बीच बचाव करने पर मेरे भाई सुनील और भाभी रुचि पर भी हमला कर दिया। सभी को सीएचसी खीरों पहुंचाया गया। हालत गम्भीर होने पर मेरे पिता भोला प्रसाद और मां पुन्नादेवी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के शिकायती पत्रों के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### जमीन रंजिश में दंपत्ति समेत चार को पीटा

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** जमीन रंजिश में विपक्षियों ने युवक की पिटाई कर दी। बीच बचाव के दौरान पत्नी, बेटी और भतीजे को भी जमकर मारा पीटा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के पूरे झम्मन ममुनी निवासी शिव बालक ने पुलिस को बताया कि जहां पर वह मवेशी बांधता है, उस जगह पर मंगलवार को एक ट्राली से मिट्टी गिरवाकर जगह को बराबर कर रहा था। जिस पर विपक्षी फूलचन्द्र, विकास, सुमन, सविता ने विरोध करते हुए गालियां देनी शुरू कर दी। आरोप है कि मनबढ़ों ने उसके ऊपर हमला कर दिया। वही युवक को बचाने दौड़ी उसकी पत्नी शिवरानी, बेटी शिवानी व भतीजा विमलेश को लाठी डंडों से मारा पीटा है। कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि घटना के सम्बंध में तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# शारदा नहर में पानी न आने से किसानों में धान की रोपाई का संकट

## बार-बार मांग करने के बाद भी जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

जगतपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के एक दर्जन गांवों के किसानों को धान रोपाई के सीजन में बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। अब तो बरसात के पानी की ही आश बची है।

विकास क्षेत्र के सिंघापुर भटौली उड़वा दौलतपुर शंकरपुर पूरब गांव जगतपुर उमरी जमोड़ी आदि ग्राम पंचायत को पानी देने के लिए शंकरपुर माइनर बनाई गई थी। इस माइनर से शिवगंज के पास से सेरंदाजपुर माइनर भी निकलती है, लेकिन शंकरपुर माइनर के हेड से आगे अपनी ही नहीं बढ़ पा रहा है। हेड पर सिल्ट जमा है, जिससे इस नहर में पानी नहीं जा रहा है। जिसका सबसे बड़ा कारण है कि इस नहर को जगतपुर रजबहा से जोड़ा गया है। अगर इसी नहर को सीधे शारदा नहर से जोड़ दिया जाए, तो यह बहुत बड़ी समस्या किसानों की हल हो जाएगी। बार-बार मांग के बावजूद भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिख करके सीधे शारदा नहर से जोड़े जाने की मांग की है। राकेश सिंह राना बताया कि उपरोक्त गांव सभाओं के किसानों को धान लगाने के लिए तो निजी ट्यूबवेल या फिर शंकरपुर माइनर को निजी सहयोग से सफाई करवाई जाए, तभी किसानों के खेत तक पानी पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि इस नहर को तत्काल सफाई करके पानी पहुंचाया जाए और एक विस्तार परियोजना बनाकर के इस नहर को सीधे शारदा नहर से जोड़ दिया जाए, जिससे आने वाले दीर्घ काल में इससे जुड़े सभी किसानों का हित हो सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक अभियान चलाया जाएगा। हस्ताक्षर अभियान चला करके लोगों को उनकी पीड़ा को दूर करने के लिए सरकार को विस्तार से ज्ञापन दिया जाएगा। इस नहर में पानी न आने से लगभग दो हजार एकड़ की भूमि धान की रोपाई से वंचित रह जाएगी। नहर की सफाई कर करके तत्काल पानी छोड़ा जाए तथा सीधे शारदा नहर से जोड़ा जाए। जेई धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जल्द ही इसकी सफाई कराई जाएगी।



शारदा नहर से शंकरपुर को जाने वाली सूखी पड़ी माइनर।

# नहरों से सिंचाई को 24 जून से पानी का संचालन

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जनपद के किसानों के लिए राहतभरी खबर है। सिंचाई सुविधा को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से शारदा सहायक खंड-41 के अंतर्गत आने वाली नहरों में 24 जून 2025 से पानी छोड़ा गया है। यह जानकारी अधिशासी अभियंता एवं नोडल अधिकारी मनीष रंजन ने दी।

उन्होंने बताया कि इस बार नदी में पानी की सीमित उपलब्धता को देखते हुए नहरों का संचालन रोस्टर प्रणाली के अंतर्गत किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित समय के भीतर सिंचाई कार्य संपन्न करें और जल का अपव्यय न करें। अधिशासी अभियंता मनीष रंजन ने कहा कि जल सीमित संसाधन है और इसकी प्रत्येक बूंद का विवेकपूर्ण उपयोग किया जाना चाहिए। इससे सभी किसानों को समान रूप से सिंचाई का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी किसान को सिंचाई से जुड़ी कोई समस्या या शिकायत हो, तो वह सिंचाई विभाग के टोल फ्री नंबर 18001805450 पर संपर्क कर सकता है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सूचना सं० | 1179–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 24.06.2025 |
| 2. | कार्य का नाम | लखनऊ डिवीजन में विभिन्न स्थानों पर स्थापित 22 नम्बर एलिवेटरों (लिफ्टों) के लिए तीन वर्षों के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध। |
| 3. | अनुमानित लागत | रू. 1,03,17,439.44/– (एक करोड़ तीन लाख सत्रह हजार चार सौ उनतालिस रूपये और चवालिस पैसे मात्र) |
| 4. | बयाना राशि | रू. 2,01,600/– (दो लाख एक हजार छः सौ रूपये मात्र) |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 36 माह |
| 6. | ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 17.07.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा० उत्तर रेलवे, हजरतगंज लखनऊ के कार्यालय में। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं०–1179–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 24.06.2025 1907/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. **ई-निविदा सूचना सं. :** 1180-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक 24.06.2025
2. **कार्य का नाम :** लखनऊ डिवीजन में विभिन्न स्थानों पर स्थापित 21 नम्बर एस्केलेटरों का व्यापक रखरखाव अनुबंध।
3. **अनुमानित लागत :** रु. 1,06,57,987.20/- (एक करोड़ छः लाख सत्तावन हज़ार नौ सौ सत्तासी रुपये और बीस पैसे मात्र)
4. **बयाना राशि :** रु. 2,03,300/- (दो लाख तीन हज़ार तीन सौ रुपये मात्र)
5. **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 24 माह
6. **ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि :** दिनांक 17.07.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में।
7. **प्रस्ताव की वैधता :** ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन।
8. **उत्तर रेलवे की वेबसाइट :** अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है।

सं.: 1180-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक: 24.06.2025 1906/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**फुरसतगंज, अमेठी अमृत विचार।** एफडीडीआई संस्थान के पास केजीएन ढाबा के सामने पैदल जा रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर फुरसतगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुरसतगंज पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मृतक की पहचान लवकुश निवासी पूरे बलिचन मजरा, तांबा मऊ, कोतवाली जायस के रूप में की। परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिजनों के अनुसार, लवकुश का सुबह घर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद वह नाराज होकर घर से निकल गया था। देर शाम हाईवे पर यह हादसा हो गया। फुरसतगंज कोतवाल श्री राम पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# वाटर कूलर की खरीद में अनियमितता का आरोप

संवाददाता तिलोई अमेठी

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के जायस नगर पालिका में वाटर कूलर की खरीद 89.50 लाख रुपये में 10 कूलरों की खरीद में अनियमितता की शिकायत पर लखनऊ से जांच करने टीम नगर पहुंची। लखनऊ से पहुंची टीम में उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड के सचिव पप्पू गुप्ता भी हैं। यह जांच सभासद अशोक कुमार मौर्या की शिकायत पर हो रही है। सभासद ने 89.50 लाख रुपये की लागत से खरीदे गए 10 वाटर कूलर में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। सचिव पप्पू गुप्ता ने मामले में दोनों पक्षों से पूछताछ की। उन्होंने कहा कि जांच से जुड़े सभी दस्तावेज शासन को भेजे जाएंगे। नगर पालिका अध्यक्ष मनीषा सिंह ने इस मामले में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि यह पांचवीं बार जांच हो रही है। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताया। अध्यक्ष ने कहा कि वह जनता द्वारा चुनी गई हैं और जनहित में काम करती रहेंगी।



जांच करने पहुंचे लखनऊ वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड के सचिव पप्पू गुप्ता।

### पुल की टूटी रेलिंग दे रही मौत को दावत

**तिलोई अमेठी अमृत विचार।** तहसील तिलोई मुख्यालय के सामने से निकली मोहनगंज पीढ़ी मार्ग पर स्थित रमई ग्राम सभा के अन्तर्गत शारदा सहायक खण्ड 28 से निकली रमई रजबहा पर बनी नहर पुलिया की दोनों तरफ की रेलिंग टूट गई है। इससे हादसों का खतरा पैदा हो गया है। पुलिया पीढ़ी, सवितापुर, सैम्बशी, संग्रामपुर, उड़वा, बिबियापुर नवावा गांवों के आने जाने का एकमात्र रास्ता है। नहर विभाग के के प्रत्यूष शुक्ला ने बताया कि पुलिया की टूटी रेलिंग के लिए उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। बजट आने के पश्चात रेलिंग का निर्माण कराया जाएगा।

# मो असगर अध्यक्ष, राम सुंदर मंत्री बने

संवाददाता अमेठी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ का त्रिवार्षिक अधिवेशन और चुनाव बुधवार को सम्पन्न हुआ। सभी पदों पर एकल नामांकन होने के कारण पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गई है। मो असगर अध्यक्ष,राम सुंदर मंत्री और अरुण कुमार यादव को कोषाध्यक्ष चुना गया है।

जिला कोषाध्यक्ष देवी शरण कनौजिया और संयुक्त मंत्री अजय कुमार मौर्य ने पर्यवेक्षक के रूप में अधिवेशन को सम्पन्न कराया। जिला अध्यक्ष अब्दुल रसीद ने कहा कि निजीकरण की नीतियों की पैरोकार सरकार एक तरफ प्राइवेट स्कूलों को धड़ल्ले से मान्यता प्रदान कर रही है, दूसरी तरफ कम नामांकन की बात करके सरकारी परिषदीय स्कूलों को मर्जर कर पांच हजार से अधिक स्कूलों को बंद करना चाहती है। बड़ी संख्या में गैर मान्यता प्राप्त और अवैध विद्यालय भी चल रहें हैं। सरकार और अधिकारी एक भी स्कूल बंद नहीं करा पा रहे हैं। जिला महामंत्री रमाकांत मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी शिक्षक संगठन सरकार के फैसले के विरोध में है।

**नवनिर्वाचित कार्यकारिणी**

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष: | मो असगर |
| मंत्री: | राम सुंदर |
| कोषाध्यक्ष: | अरुण कुमार यादव |
| वरिष्ठ उपाध्यक्ष: | देव बख्श यादव |
| उपाध्यक्ष: | बृजेश कुमा |
| उपाध्यक्ष: | काली सिंह, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा |
| संयुक्त मंत्री: | पवन कुमार, श्री राम, अंजू शर्मा |
| लेखाकार: | रमेश कुमार |
| आडीटर: | आनंद कुमार गुप्ता |

# तीन गांवों में 900 लोगों की होगी फाइलेरिया जांच

**संवाददाता, संग्रामपुर ,अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से क्षेत्र के तीन गांवों में फाइलेरिया की रोकथाम को लेकर विशेष नाइट ब्लड सर्वे अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 25 जून से 31 जून तक चलेगा, जिसमें रात्रि 10 बजे से स्वास्थ्यकर्मी ग्रामीणों के रक्त के नमूने लेंगे। यह विशेष अभियान ठेंगहा, नेवादा कनू और चन्डेरिया ग्राम सभा में चलाया जाएगा। फाइलेरिया के कीटाणु रात्रि में सक्रिय होते हैं, इसलिए रात्रिकालीन नमूना जांच की व्यवस्था की गई है। अभियान के तहत कुल 900 ग्रामीणों के खून की जांच की जाएगी।

बीसीपीएम तीर्थराज यादव ने बताया कि जांच कार्य के लिए दो टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में एक-एक लैब तकनीशियन (एलटी) को तैनात किया गया है। वीरेंद्र वर्मा और मुकेश यादव नामित एलटी को रात्रिकालीन ड्यूटी सौंपी गई है, जो हर रात एक-एक सौ लोगों का रक्त नमूना लेंगे। बुधवार को ठेंगहा और नेवादा कनू से अभियान की शुरूआत होगी। स्वास्थ्य विभाग की यह पहल फाइलेरिया जैसी संक्रामक बीमारी के प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से की जा रही है, जिससे समय रहते रोगियों की पहचान कर उनका उपचार शुरू किया जा सके।

### 55 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**तिलोई अमेठी।** थाना मोहनगंज पुलिस ने अभियुक्त अहमद अली पुत्र स्व रहमअली (54) वर्ष निवासी सैम्बसी थाना मोहनगंज को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 55 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। इस संबंध में मोहनगंज प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि नशा मुक्ति अभियान के अन्तर्गत एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।


**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन**

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार

क्षेत्रीय कार्यालय/Regional Office

विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ 226010

Email ID: ro.lucknow@epfindia.gov.in, दूरभाष – 0522–2304984

पत्रांक क.भ.नि./क्षे.का./लख./प्रेस प्रकाशनी/2025–26/9621 दिनांक: 24.06.2025

**प्रेस प्रकाशनी**

**निधि आपके निकट 2.0 प्रोग्राम का आयोजन**

विदित है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा निजी, संगठित/असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों/कर्मचारियों, पेंशनरों व नियोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक माह की 27 तारीख को (अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस को) जिला जनसंपर्क कार्यक्रम ''निधि आपके निकट 2.0'' को शुरू किया गया है।

इसी क्रम में गत माहों की भांति इस माह भी दिनांक 27 जून, 2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ के परिक्षेत्र में आने बाले सभी 6 जिलों (लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, हरदोई, एवं रायबरेली) में क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ की 6 टीमें निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम का आयोजन निम्नलिखित स्थलों पर करेंगी:

| जनपद | जिला नोडल अधिकारी | कार्यक्रम स्थल |
|---|---|---|
| लखनऊ | श्री संदीप कुमार सिंह, प्रवर्तन अधिकारी | मेसर्स सुप्रभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड प्लॉट नंबर डी–2 औद्योगिक क्षेत्र, देवा रोड चिनहट लखनऊ–226019 |
| सीतापुर | श्री सुमित सोनी, प्रवर्तन अधिकारी | मेसर्स अवध शुगर एण्ड एनर्जी लिमिटेड, हरगांव, सीतापुर–261121 |
| लखीमपुर | श्री संजय कुमार, लेखाधिकारी | मेसर्स बजाज शुगर, खंभार खेड़ा, लखीमपुर |
| बाराबंकी | श्रीमती शोएबा एजाज, प्रवर्तन अधिकारी | मेसर्स एसएलएमजी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड कुर्सी रोड बाराबंकी |
| हरदोई | श्री करुणेन्द्र कुमार मिश्रा, लेखाधिकारी | मेसर्स जी आर इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड, प्लॉट संख्या बी–87/88, संडीला औद्योगिक क्षेत्र फेज–2, जिला– हरदोई यूपी 241204 |
| रायबरेली | श्री महेंद्र प्रताप सिंह, प्रवर्तन अधिकारी | आईटीआई लिमिटेड, रायबरेली |

अतः यदि किसी सदस्य/पेंशनर, नियोक्ता या अन्य किसी कर्मचारी को संगठन की विभिन्न योजनाओं से सम्बंधित किसी भी प्रकार की समस्या आ रही है तो उनसे आग्रह है कि वह अपने जिले में आयोजित होने वाले ''निधि आपके निकट 2.0'' कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएँ, जहाँ कार्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी समस्याओं के समाधान हेतु उपस्थित रहेंगे।

(आशीष कुमार)

क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त–II

क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ


# महिला आयोग सदस्य ने सुनीं शिकायतें, दो मामलों का निस्तारण

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने बचत भवन स्थित कलेक्ट्रट सभागार में महिला उत्पीड़न व उनकी समस्याओं से जुड़े मुद्दो के बारे में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने जन सुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, वैवाहिक समस्या, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा व रोजगार आदि संबंधी शिकायत सुनीं। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए पीड़ित महिलाओ को हर हाल में न्याय दिलाया जाए।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्पीड़न व महिला से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से किया जाये तथा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत व ग्रामीण स्तर पर कराया जाये। जिन प्रकरणों में अभी कार्यवाही लंबित है उन्हें भी आयोग के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए। इस दौरान महिला उत्पीड़न से संबंधित प्राप्त छह प्रकरणों में से दो का मौके पर निस्तारण किया।

राज्य महिला आयोग सदस्य ने बाल गृह (बालिका) चक धौरहरा का निरीक्षण किया। बाल गृह में रह रहे बच्चों से बातचीत की और उनसे सुविधाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने बाल गृह के अधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्चों को बेहतर सुविधाएं और शिक्षा प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी व प्रभारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, प्रभारी दिव्यांग कल्याण अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय सिंह आदि मौजूद रहे।



बालिका गृह का निरीक्षण करती राज्य महिला आयोग सदस्य पूनम द्विवेदी।

# पति पर मारपीट व मानसिक उत्पीड़न का आरोप, मुकदमा दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** लखनऊ जनपद निवासी एक विवाहिता ने कोतवाली क्षेत्र के कुसुढ़ीसागरपुर गांव निवासी अपने ही पति पर दहेज की मांग को लेकर उसे व उसके बच्चों के साथ मारपीट करने व शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है। मामले में भुक्तभोगी महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

लखनऊ जनपद की रश्मि खंड, शारदा नगर निवासी महिला प्रीति मौर्या पुत्री रामबाबू मौर्या ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी कोतवाली क्षेत्र के कुसुढ़ी सागरपुर गांव निवासी मोहित मौर्या पुत्र उदय राज मौर्या से 23 जनवरी 2020 को हुई थी। आरोप है कि शादी के एक सप्ताह बाद से ही उसका पति महिला के साथ दहेज की मांग को लेकर मारपीट करना शुरू कर दिया। जिसकी शिकायत कोतवाली पुलिस से भी की गई थी। मामले में सुलह समझौता के बाद महिला मायके चली गई। आरोप है कि ससुराल आने के बाद दहेज को लेकर तीन चार बार मारपीट की, जिसकी शिकायत कोतवाली में की गई।हर बार सुलह समझौता होता रहा उसके बाद भी महिला का आरोप है कि महिला का पति उसके व उसके बच्चों के साथ मारपीट करता रहता था। महिला का आरोप है कि मायके से मिले खर्च के पांच हजार रुपए बीते 22 जून की रात उसके पति ने उसे व उसके बच्चों को मारकर छीन लिए। आरोप है कि मारपीट के दौरान पति ने उसका गला दबा दिया जिससे वह बेहोश हो गई। महिला के देवर ने लखनऊ उसके भाई को घटना की जानकारी दी। मायके से पहुंचे परिजनों ने उसका इलाज कराया। आरोप है कि महिला के पति ने उसे व उसके परिजनों को भी जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मंगलवार की रात उसके पति के खिलाफ संबंधित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।


**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**

**जनपद–अमेठी–227409**

मो०न०–9453004069 Email ID- bsaamethi@gmail.com

पत्रांक: समग्र शिक्षा/के0जी0बी0वी0/716/2025–26 दिनांक– 24 जून, 2025

**विज्ञप्ति**

समस्त आवेदित अभ्यर्थियों (केयर टेकर के पद को छोड़कर) को सूचित किया जाता है कि बेसिक शिक्षा के अर्न्तगत जनपद अमेठी में संचालित 03 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में नवीन पदों पर चयन हेतु काउंसलिंग से सम्बन्धित तिथियां, समय व स्थल निम्नवत् तालिका में अंकित की जा रही है–

| क्रम संख्या | काउंसलिंग स्थल | काउंसलिंग तिथि, दिन व समय |
|---|---|---|
| 01 | रणंजय इण्टर कालेज, गौरीगंज, जनपद–अमेठी। | दिनांक 30 जून, 2025 दिन–सोमवार, समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक। |

काउंसलिंग की विस्तृत जानकारी हेतु समस्त आवेदित अभ्यर्थियों की सूची www.amethi.nic.in पर अपलोड है।

नोट–

1. समस्त शैक्षिक, अनुभव व अन्य प्रमाण पत्र की फोटो कापी 2 प्रतियों में फाइल कवर सहित अपना नाम, पता, पद, मोबाइल नम्बर अंकित करते हुए व समस्त मूल शैक्षिक, अनुभव व अन्य प्रमाण पत्र के साथ प्रतिभाग करें।
2. जाति प्रमाण पत्र पिता पक्ष का ही मान्य होगा, जो विज्ञापन की तिथि के पूर्व का हो।
3. काउंसलिंग उपरान्त कोई भी दस्तावेज स्वीकार नही किये जायेगें।

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,**
**जनपद अमेठी।**

# पूर्व मंत्री गिरीश पांडेय की गवाही से इंदिरा की संसद सदस्यता हुई थी रद

## कार्यकर्ताओं ने आपातकाल में जेल गए पूर्व मंत्री स्वर्गीय गिरीश पांडे के चित्र पर किया पुष्पार्चन

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली


आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाते हुए विचार व्यक्त करते भाजपाई।

**अमृत विचार।** पूर्व मंत्री स्वर्गीय गिरीश पांडे आज हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनकी यादें जरूर हम सबको आपातकाल के काले दिन को याद दिलाती है। स्व. गिरीश पांडे की यादों को साझा करने के लिए बुधवार को उनके आवास पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पार्चन किया और उनके पुत्र अनूप पांडे को उनका प्रतिनिधि मानते हुए उन्हें सम्मानित भी किया। कहा कि रायबरेली जनपद से 188 लोगो को जेल में ठूसा गया था। वास्तव में पूर्व मंत्री गिरीश पांडे की गवाही से ही इंदिरा गांधी की सदस्यता चली गई थी।

कोर्ट ने उनकी संसद सदस्यता रायबरेली से रद् कर दी थी। उसी के बाद इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू कर दिया था।

आपातकाल के काला दिवस को लेकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शिव प्रकाश पांडे, भाजपा नेता अनूप पांडे ने संविधान की दुहाई देने वाले कांग्रेस नेतृत्व पर खूब निशाना साधा। कहा कि 25 जून 1975 को भारत में कांग्रेस की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की गई थी, जो देश के इतिहास में एक काला अध्याय माना जाता है। कोर्ट से संसद सदस्यता जाते ही तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की थी, जिसके तहत नागरिकों के अधिकारों को सीमित कर दिया गया था। प्रेस की स्वतंत्रता पर रोक लगाते हुए कई विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया था।

कार्यक्रम का संयोजन और संचालन सुशील शुक्ला ने किया। जिला व्यवस्था प्रमुख सतीश त्रिवेदी और रवि शंकर बाजपेई ने कहा कि आपातकाल के दौरान रायबरेली में भी आरएसएस और भाजपा कार्यकर्ताओं पर जुल्म करते हुए उन्हें जेल में डालने का काम पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया था। लालगंज क्षेत्र में भी एक दर्जन से अधिक लोगों को जेल भेजा गया। जनसंघ और आरएसएस से जुड़े रहे पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे को इंदिरा गांधी के खिलाफ गवाही देने का परिणाम भुगतना पड़ा और उन पर देश द्रोह का आरोप लगाकर उन्हें जेल में डाल दिया गया था। इस मौके पर भाजपा नेता कैलाश वाजपेई, अशोक शुक्ला, अतुल त्रिपाठी, देवेश अग्निहोत्री, चंदन त्रिवेदी, उमेश सिंह, शिवम गुप्ता, सतीश त्रिवेदी, रवि शंकर बाजपेई, व्यापार मंडल विवेक शर्मा, मृत्युंजय बाजपेई, कौशलेंद्र कंचन, शिव प्रकाश पांडे, सुरेंद्र गुप्ता, रविनंदन सिंह चौहान, बाल नारायण बाजपेई, सिद्धांत पांडे आदि मौजूद रहे।

## बंटवारे को लेकर दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव लालाखेड़ा मजरे सकतपुर में आपसी बंटवारे को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में झगड़ा हो गया। जिसमें चार लोगों ने एक युवक को पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। लालाखेड़ा मजरे सकतपुर निवासी अनिल कुमार पुत्र उमाशंकर ने आरोप लगाया है कि वह अपने बुजुर्ग माता पिता के साथ रहता है। उसके परिवार के रूप नारायण पुत्र भगौती प्रसाद से बंटवारे को लेकर आए दिन विवाद होता रहता है। कई बार गांव के सम्भ्रांत लोगों ने सुलह समझौता भी कराया, लेकिन प्रतिपक्षी असरदार होने के कारण उस समझौते को मानने को तैयार नहीं हैं। रविवार को शाम लगभग साढ़े सात बजे वह अपने हिस्से का पैसा मांगने गया तो रूपनारायण, उनके बेटे प्रेम नारायण, शिवप्रकाश और राम सजीवन पुत्र रामऔतार ने लाठी डंडों और हथौड़े से प्रहार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीणों ने बीच बचाव किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण आवश्यक

**रायबरेली।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी सोनी गुप्ता ने बताया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा सीधे किसानों से धान क्रय हेतु समर्थन मूल्य धान कॉमन रुपये 2369 एवं ग्रेड 'ए' रुपये 2389 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष रुपये 69 प्रति क्विंटल अधिक धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने कहा है कि उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाना आवश्यक है।

### किसान के ऊपर गिरा हाई टेंशन बिजली का तार, मौत

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के गौरा रुपई गांव में खेत जा रहे किसान बचान शर्मा (60) पुत्र छविनाथ शर्मा के ऊपर हाई टेंशन बिजली का तार टूट कर गिर पड़ा। विद्युत सप्लाई चालू होने के चलते उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव के ही बब्बन ने बताया कि बिजली के तार जर्जर हो गए हैं, जिसके चलते हाई टेंशन लाइन का तार टूटकर किसान के ऊपर गिरा है। किसान की मौत से गांव में मातम छा गया है। वही बचान शर्मा की मौत से उसकी पत्नी कमला देवी, पुत्र रिंकू, सुशील का रो-रो कर बुरा हाल है। बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। प्रभारी निरीक्षक पीके सिंह ने बताया कि करंट से किसान की मौत हुई है। कार्रवाई की जा रही है।

### बाइक चोर गैंग का खुलासा तीन को भेजा जेल

**रायबरेली।** मिल एरिया पुलिस ने मोटसाइकिल चोर गैंग का खुलासा करते हुए तीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरो के पास से पांच मोटरसाइकिल बरामद की है। सभी को जेल भेज दिया है। बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने खुलासा करते हुए बताया मिल एरिया पुलिस ने घूम-घूमकर रेकी करने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इन चोरों ने रतापुर, सर्वोदय नगर, जिला अस्पताल सहित कई जगहों से बाइक चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने रामसागर यादव पुत्र अहोरवादीन निवासी ग्राम चकदादर थाना मिल एरिया, संजय यादव पुत्र रामकुमार यादव निवासी ग्राम गोचरा मजरे राही थाना मिल एरिया, दिनेश पासी पुत्र दुबई निवासी पुरे दुखपाल सिंह थाना हरचंदपुर को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

### खेत में युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

**रायबरेली।** राजघाट चौकी से कुछ दूरी पर एक खेत में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी। पुलिस को मौके पर सल्फास की शीशी और पानी की बोतल मिली है। इससे युवक द्वारा आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुधवार की सुबह शहर कोतवाली क्षेत्र के राजघाट स्थित पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर एक खेत में बोई तोरई और कद्दू की फसल में युवक का शव पड़े होने की खबर पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। इस दौरान आसपास के लोगों का भी जमावड़ा लग गया। खेत में युवक का शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कानूनी जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार संदीप कुमार उर्फ मोनू पुत्र राजकुमार अमेठी जनपद का निवासी है। मृतक रंगाई पुताई का काम करता था। घटनास्थल पर पड़े शव के पास से सल्फास की शीशी और एक पानी की बोतल बरामद की गई है। फिलहाल पुलिस बल व फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर मामले की गहनता से जांच पड़ताल की। चौकी इंचार्ज भरत सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच की जा रही है।

## किसी भी हद तक जाने वाले को सत्ता से वंचित करने की जरूरत : अमित


जिला पंचायत सभागार में आयोजित सेमिनार में मौजूद सम्मानित लोग, अन्य।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आपातकाल लगाए जाने के 50 वर्ष पूर्ण होने पर जिला पंचायत सभागार में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित गुप्ता रहे ।

इस अवसर पर आपातकाल के दौरान सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार के विरोध में संघर्ष कर रहे जेल में बंद लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया गया। लोकतंत्र सेनानियों ने अपनी आप बीती और तत्कालीन परिस्थितियों के बारे में सेमिनार को अवगत कराया। प्रमुख रूप से सेमिनार को सुरेंद्र सिंह दाढ़ी, दिनेश कक्कड़, गोविंद गुप्ता, गया सोनकर आदि लोकतंत्र सेनानियों ने संबोधित किया। सेमिनार की प्रस्तावना व स्वागत भाषण भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल पासी ने किया । सेमिनार को सलोन विधायक अशोक कोरी, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी और क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य किरण सिंह ने भी संबोधित किया । मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित गुप्ता ने देश को इमरजेंसी में झोंकने के लिए कांग्रेस सरकार को उत्तरदाई ठहराया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता के लिए किसी भी हद तक जा सकती थी। ऐसे लोगों को सत्ता से वंचित करना अति आवश्यक है। सेमिनार के पश्चात लोकतंत्र सेनानियों को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। सेमिनार के पश्चात मुख्य अतिथि अमित गुप्ता, सलोन विधायक अशोक कोरी, जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल पासी आदि ने परिसर में पौधरोपण भी किया। इस दौरान 29 तारीख को एक पेड़ मां के नाम अभियान व मन की बात कार्यक्रम पर चर्चा की गई। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह, कार्यक्रम संयोजक राजेन्द्र चतुर्वेदी, विजय सिंह टप्पू शिवेंद्र सिंह, जन्मेजय सिंह, कृष्णा चौधरी सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री शरद सिंह ने किया।

# विद्यालयों के पेयरिंग और मर्जर से बच्चों की बढ़ेगी मुश्किलें

संवाददाता, रायबरेली


परिषदीय विद्यालयों के मर्जर और पेयरिंग के खिलाफ बैठक में चर्चा करते शिक्षक।

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों के मर्जर और पेयरिंग के खिलाफ शिक्षकों ने मोर्चा खोल दिया है। 27 जून को जूनियर शिक्षक की तरफ से खण्ड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा जाएगा। ज्ञापन की तैयारियों को लेकर बुधवार को जिला व ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक कम्पोजिट विद्यालय चक अहमदपुर विद्यालय में आयोजित की गई।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समर बहादुर सिंह ने कहा कि सरकार की तरफ से की जा रही पेयरिंग और मर्जर की वजह से बच्चों का भविष्य बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार और अधिकारी जैसा चाह रहे हैं, अपनी मनमानी से कार्य कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने कहा कि अधिकारियों ने भौतिक स्तर पर सत्यापन किए बिना ही विद्यालयों को मर्जर करने की घोषणा कर दी। अब स्थिति यह है कि गांवों से बच्चा तीन-तीन किलोमीटर दूर जाने को मजबूर होगा। अब ऐसी स्थिति में शायद वह बच्चा गांव में ही छूट जाएगा। उस बच्चे का भविष्य क्या होगा। संघ की तरफ सभी ब्लॉकों में 27 जून को ज्ञापन दिया जाएगा। अगर आगे बात नहीं बनती है तो फिर पांच जुलाई से जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन करके मर्जर व पेयरिंग का विरोध किया जाएगा। मंडलीय कोषाध्यक्ष शिवसागर और जिला मंत्री पन्नालाल ने कहा कि सरकार ने आरटीई एक्ट इसी वजह से लागू किया था कि हर बच्चे को सुगम तरीके शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध हो सकें।

जिला मंत्री पन्नालाल व संयुक्त मंत्री बचनेश नारायण मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने कहा कि मर्जर और पेयरिंग में विद्यालय अभिभावकों के साथ में बैठक करके उनकी सहमति और असहमति को जरूर लिखें और हस्ताक्षर भी कराएं। जिला कोषाध्यक्ष शिवशरण सिंह ने कहा कि भौतिक रूप से विद्यालय चले या न चले लेकिन कागजों पर विद्यालय वर्षों तक चलता रहेगा ताकि कहीं कोर्ट में उस मुद्दे को चैलेंज न किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सियाराम सोनकर ने किया। बैठक में दीपक, अब्दुल हलीम, उत्तम, गयामणि, संजय, साधना शर्मा, मंजूलता, सुनीता सिंह, लक्ष्मी सिंह, प्रीति, संदीप शुक्ला, शिव कुमार सिंह, सुरेश, शिव बहादुर, आशीष तिवारी, जगलाल, रमेश, लाल बहादुर यादव, विक्रमादित्य, सूर्य प्रकाश गौतम, निधि शुक्ला, रूपेश आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी अधीक्षक के खिलाफ चिकित्सक समेत कर्मियों ने खोला मोर्चा

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली


सीएचसी अधीक्षक के खिलाफ शिकायत की जांच करने पहुंची टीम।

**अमृत विचार।** सीएचसी अधीक्षक की कार्यशैली से खिन्न होकर चिकित्सक समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने मोर्चा खोल दिया। लामबंद हुए आधा दर्जन से अधिक चिकित्सक, स्टाफ नर्स व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने अधीक्षक पर अमर्यादित व अभद्र व्यवहार करते हुए मानसिक उत्पीडन का आरोप लगाते हुए सीएमओ से शिकायत की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ डॉ नवीन चंद्रा ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी से जांच कराकर कार्यवाही की बात कही है।वहीं अधीक्षक व स्वास्थ्य कर्मियों की खींचतान में मरीजों का हित प्रभावित हो रहा है।

बताते चलें कि महिला अस्पताल में तैनात चिकित्सक व सीएचसी अधीक्षक डॉ पीके श्रीवास्तव के मध्य किसी बात को लेकर करीब दो सप्ताह पूर्व बहस हो गई थी।इसके बाद अधीक्षक व महिला चिकित्सक ने एक दूसरे के खिलाफ अमर्यादित व्यवहार व अभद्रता का आरोप लगाते हुए सीएमओ से लिखित शिकायत की। मामले की छानबीन भी शुरू नहीं हुई कि सीएचसी के चिकित्सकों स्टाफ नर्सो व अन्य विभागीय कर्मियों सहित आठ लोगों ने रजिस्ट्री पत्र सीएमओ को भेजकर सीएचसी अधीक्षक पर अभद्र व्यवहार व मानसिक उत्पीडन का आरोप लगा दिया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ ने डिप्टी सीएमओ डॉ अरुण कुमार, एसीएमओ डा अरविंद कुमार, मेडिकल अफसर डॉ फातिमा की तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर जांच के निर्देश दिए।

### महिला चिकित्सक समेत सात लोगों ने की है शिकायत

सीएचसी में तैनात महिला चिकित्सक समेत आधा दर्जन कर्मचारी व चिकित्सक अधीक्षक के खिलाफ एकजुट हैं। आरोप है कि अधीक्षक उन्हें परेशान करते हैं। मामले में बुधवार को एसीएमओ के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम जांच करने पहुंची। जांच टीम ने शिकायत कर्ताओं व सीएचसी के कर्मचारियों के बयान दर्ज किए हैं। सीएचसी की महिला चिकित्सक डॉ कुशा मलिक, डॉ एस के राय व डॉ अनिल भरद्वाज एएनएम मंशा समेत सात कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से दो सप्ताह पूर्व पंजीकृत डाक भेजकर शिकायत की थी। एसीएमओ डा. अरविंद सिंह ने बताया कि महिला चिकित्सक समेत सात लोगों के द्वारा की गई शिकायत के आधार जांच की गई है।

बुधवार को सीएचसी पहुंची जांच टीम ने अधीक्षक सहित शिकायत कर्ता चिकित्सकों, स्टाफ नर्स सहित अन्य कर्मचारियों के बयान लिए। उधर सीएचसी अधीक्षक डॉ प्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सीएचसी में तैनात चिकित्सकों द्वारा मरीजों को बाहर से दवाएं लिखे जाने की शिकायत आई थी। जिसे रोकने का प्रयास किया गया। जिसके विरोध में शिकायत करने वाले चिकित्सक व कर्मचारी लाम बंद है।

मामले में सीएमओ डॉ नवीन चंद्रा ने बताया कि शिकायत पर जांच कमेटी गठित कर जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### डीएम ने तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र में किया फेरबदल

**रायबरेली, अमृत विचार।** जिले में बेहतर व्यवस्था बनाने को लेकर तहसीलदार और खंड विकास अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इससे प्रशासनिक अमले में खलबली मची हुई है। डीएम द्वारा तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। वहीं सीडीओ ने विवादित रहे हरचंदपुर बीडीओ समेत कई के कार्यक्षेत्र बदले हैं। इसमें कई अधिकारियों के खिलाफ शिकायत भी थी। जिलाधिकारी ने तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए नवागंतुक तहसीलदार आकृति श्रीवास्तव को सदर की जिम्मेदारी दी है। वहीं यहां पर तैनात रही प्रज्ञा द्विवेदी को डलमऊ तहसीलदार बनाया है। डलमऊ में तैनात तहसीलदार उमेशचंद्र को तहसीलदार न्यायिक सदर बनाया है। मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने बीडीओ के कार्यक्षेत्रों में बदलाव किया है। इसके तहत महिला कर्मचारी के आरोपों के बाद बीडीओ हरचंदपुर को हटा दिया गया है। बीडीओ शिवकुमार को खीरों ब्लॉक में भेजा गया है, जबकि खीरों में तैनात बीडीओ अंजुरानी वर्मा को हरचंदपुर के साथ सतांव ब्लॉक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं बछरावां के बीडीओ एसबी सिंह को शिवगढ़ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### बेहतर प्रदर्शन पर इंदिरा उद्यान का कराया भ्रमण


इंदिरा उद्यान भ्रमण के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षिकाएं।

**रायबरेली, अमृत विचार।** सतांव ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय शंकरगंज के छात्र-छात्राओं ने शिक्षिकाओं के साथ इंदिरा उद्यान का भ्रमण किया। प्रधानाध्यापिका सविता सिंह ने बताया कि ग्रीष्मावकाश में शासन के निर्देश पर आयोजित समर कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुंशीगंज शहीद स्मारक तथा राणा बेनीमाधव सिंह पार्क के भ्रमण पर ले जाया गया। इस दौरान बच्चों ने शहीद स्मारक के ऐतिहासिक महत्व को समझा तथा पार्क में जाकर खूब मनोरंजन किया।

### कार्यशाला का तीसरा दिन रचनात्मक अभिव्यक्ति को समर्पित


निफ्ट में कार्यशाला के दौरान गुर सीखते बच्चे।

**रायबरेली, अमृत विचार।** निफ्ट में चल रही ग्रीष्मकालीन कार्यशाला 2025 अपने तीसरे सप्ताह के अंतिम पड़ाव पर पहुंच रही है। बुधवार का दिन विद्यार्थियों के लिए बेहद रचनात्मक और अनुभवात्मक रहा, जहां उन्हें फोटोग्राफी और कोलाज के माध्यम से अपने दृष्टिकोण को कलात्मक रूप में प्रस्तुत करने का अवसर मिला। कार्यशाला में "फोटो कोलाज" विषय पर प्रशिक्षण रिमांशु पटेल, सहायक प्रोफेसर द्वारा दिया गया। उन्होंने छात्रों को बताया कि किस प्रकार विभिन्न छायाचित्रों को एक साझा थीम में पिरोकर एक सशक्त दृश्य कथा प्रस्तुत की जा सकती है। विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत अनुभव, संस्कृति और पर्यावरण को जोड़ते हुए प्रभावशाली कोलाज बनाए। डॉ. तुलिका साहू, सहायक प्रोफेसर ने "मोबाइल फोटोग्राफी एवं कंपोज़िशन" विषय पर कक्षा ली। उन्होंने छात्रों को मोबाइल से फ़ोटोग्राफ़ी करते समय रचना-संतुलन, रोशनी और फ्रेमिंग के महत्व को समझाया। यह सप्ताह निफ्ट रायबरेली के लिए न केवल रचनात्मकता का उत्सव रहा, बल्कि लखनऊ और रायबरेली के छात्रों के लिए आपसी संवाद और सांस्कृतिक समन्वय का मंच भी बना।

### भाजपा नेता ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

**रायबरेली, अमृत विचार।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के सेमौरी गांव के निकट सड़क हादसे में एक युवक घायल हो गया था। मौके पर लोगों का मजमा लग गया। वहीं उधर से गुजर रहे भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अनुष्ठान सिंह जहाजी ने भीड़ देखा तो गाड़ी को रोक दिया। मौके पर पहुंचकर जानकारी ली तो पता चला कि घायल काफी देर से पड़ा है। अभी तक वाहन नहीं आया है। उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्होंने तत्काल अपने वाहन में बैठा लिया। इसके बाद डलमऊ सीएचसी पहुंचाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि वह किसी वाहन से घायल हो गया था। उसके पैर में काफी चोट आ गई थी। भाजपा नेता की दरियादिली की हर कोई प्रशंसा कर रहा है।

### निदेशक ने जताया मुख्यमंत्री का आभार


एम्स निदेशक प्रो जनरल प्रो डा विभा दत्ता।

**रायबरेली, अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज आने वाले रोगियों के लिए एप्रोच रोड का निर्माण पूरा हो गया। इससे एम्स तक आने जाने में हो रही दिक्कतों का अब लोगों को सामना नहीं करना पड़ेगा। एम्स प्रशासन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया। कार्यकारी निदेशक मेजर जनरल डॉ. विभा दत्ता एसएम सेवानिवृत्त ने मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी हर्षिता माथुर का आभार जताया है। अधीक्षक प्रो. डॉ. नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि संस्थान के पूर्व अधिशासी निदेशक प्रो. डॉ.अरविंद राजवंशी ने मुख्यमंत्री से मिलकर एप्रोच रोड का त्वरित निर्माण करने का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री ने मरीजों के हित को देखत हुए मुंशीगंज से एम्स आने वाले एप्रोच रोड और दरियापुर स्टेशन क्रॉसिंग से एम्स आने वाले एप्रोच रोड के निर्माण का कार्य जल्द से जल्द शुरू कराने का का आश्वासन दिया था। मुख्यमंत्री के निर्देशन व जिलाधिकारी के नेतृत्व में दोनों एप्रोच रोड का निर्माण कार्य पूरा होने से शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से एम्स अस्पताल आने वाले लोगो को अब कठिनाई का सामना नही करना पडेगा। मुख्य मार्ग पर फ्लाईओवर का कार्य अभी निर्माणाधीन है, जिसके चलते लोगों को एप्रोच रोड का सहारा लेना पडता है। जिसकी स्थिति ठीक न होने से लोगो को भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ता था।

### व्यापारी और अधिवक्ता संगठन एक-दूसरे के पूरक - राकेश



सेन्ट्रल बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत करते व्यापारी नेता।

**रायबरेली, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल रायबरेली द्वारा सेन्ट्रल बार एसोसिएशन रायबरेली के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों का एक स्थानीय रेस्टोरेंट में पुष्पगुच्छ, फूलमाला, अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेट कर भव्य स्वागत किया गया। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि व्यापारी व अधिवक्ता संगठन एक-दूसरे के पूरक हैं। अन्याय व जुल्म के विरोध में दोनों संगठन मिलकर आवाज उठायेंगे। पूर्व अध्यक्ष कमलेश पाण्डेय ने कहा कि विगत वर्षो में दोनों संगठनों का सहयोग सराहनीय रहा है। व्यापार मण्डल अध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा ने कहा कि अधिवक्ताओं के साथ मिलकर हम प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किए जा रहे किसी भी उत्पीड़न का मुंहतोड़ जवाब देंगे। प्रदेश संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी ने कहा कि अधिवक्ता व्यापारी एकता जनपद में मील का पत्थर साबित होगी। व्यापार मण्डल के घनश्याम गुप्ता, प्रेमनाथ गुप्ता, राजेश शर्मा, मनोज गुप्ता, आशु श्रीवास्तव, सत्यांशु दुबे ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के सन्तोष कुमार शुक्ल, मुकेश कुमार बाजपेयी, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, सर्वेन्द्र प्रताप सिंह, सुनील कुमार तिवारी, गोविन्द बहादुर सिंह, शुभम अवस्थी, सुभाष श्रीवास्तव, हिमांशुधर सिंह, संजय मिश्र, मुकेश कुमार सिंह, करूणेन्द्र मिश्र, अनुज त्रिवेदी, बबलू जोशी, मो. शाकिब कुरैशी, बाबू भाई, दिनेश पाल, मुन्ना पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

### सड़क से सटाकर रख दिया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में आक्रोश

**रायबरेली, अमृत विचार।** राही ब्लॉक के ग्रामपंचायत खागीपुर संडवा के पूरे हिरऊ के पुरवा ग्राम में एक बिजली विभाग का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां बिजली विभाग ने खड़ंजे से सटाकर पोल लगाकर ट्रांसफार्मर रख दिया है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रांसफार्मर के कारण रास्ता संकरा हो गया है, जिसके चलते आए दिन लोग घायल होते रहते हैं। लोगों के द्वारा शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही। ग्रामीणों का आरोप है कि रास्ते के बीच रखे हुए ट्रांसफार्मर ने खड़ंजे के बड़े हिस्से को घेर लिया है, जिसके कारण वहां से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा जिस स्थान पर ट्रांसफार्मर रखा हुआ उसी के बगल में कई घर भी है, जिससे लोग भय में रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बड़े वाहन निकलने के दौरान ट्रांसफार्मर के संपर्क में आने से हादसा होने का भय बना रहता है। ग्रामीण प्रमोद कुमार, रामकेमल, शिवबहादुर, वीरेंद्र कुमार, नागेंद्र कुमार, धीरेन्द्र कुमार, गोलू, रमाहिरन, राजू, भगीरथ, बृजमोहन, बाबूलाल, रमेश आदि ने विरोध करते हुए जिला प्रशासन और बिजली विभाग से मांग की है कि इस ट्रांसफार्मर को गांव से बाहर ले जाकर किसी अन्य सुरक्षित जगह पर लगाया जाये, ताकि कभी कोई बड़ी अप्रिय घटना ना हो सके।

**हताशा** — खेतों में सिंचाई नहीं होने से धान की रोपाई बाधित, आक्रोशित किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

# रजबहा में उड़ रही धूल, कैसे हो धान की रोपाई

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली


सूखा पड़ा बैंती रजबहा।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बैंती राजबहा में पानी नहीं आने से किसानों में सिंचाई विभाग के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। आलम यह है कि धान की रोपाई के समय बैंती रजबहा में पानी की जगह धूल उड़ रही है। जल्द ही रजबहा में पानी नहीं छोड़े जाने पर किसानों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

बैंती रजबहा से करीब 20 से अधिक गांव के किसान खेतों की सिंचाई करते हैं। वर्तमान में धान का बेड़न पड़ चुका है। कई किसानों के बेड़न तैयार भी हैं। ऐसे में रोपाई से पहले खेतों में पानी भरना आवश्यक है। उधर बैंती रजबहा में पानी नहीं आने से इससे जुड़े किसानों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। उनका कहना है कि यही एक मात्र सिंचाई का साधन है। निजी नलकूप से जुड़े किसान तो किसी तरह रोपाई कर ले रहे हैं। वहीं हम लोगों को रजबहा ही एक मात्र सहारा है। समय से पानी नहीं आने से बेड़न खेतों में तैयार है। इससे फसल प्रभावित हो सकती है। किसानों का कहना है कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, फिर भी यहां किसानों की हालत सबसे ज्यादा बदहाल है, देश के अन्नदाता कहे जाने वाले किसानों की दुर्दशा पर कोई ध्यान देने वाला नहीं है। जब तक किसान की उन्नति नहीं होगी तब तक विकसित भारत की कल्पना करना बेकार है।

> शारदा नहर में अभी 2800 क्यूसेक पानी आ रहा है। बैंती रजबहा में पानी छोड़ने के लिए 3500 क्यूसेक पानी की जरूरत है, चीफ साहब से बात हुई है दो-तीन दिनों में 5000 क्यूसेक पानी आ जाएगा। उससे पहले बैंती रजबहा के हेड में जमा सिल्ट हटाने के लिए जेई और एई को सख्त निर्देश दिए गए हैं।
> –नवनीत कुमार, अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग शारदा सहायक हैदरगढ़ खण्ड 28

## निराश किसान बोले, गैरजिम्मेदार विभाग


प्रगतिशील कृषक एवं सपा जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर पासी का कहना है कि धान की रोपाई के समय बैंती रजबहा में पानी की जगह धूल उड़ रही है। उन्होंने सिंचाई विभाग से जल्द से जल्द बैंती में पानी छोड़ने की मांग की है।


पूर्व जिला पंचायत सदस्य केतार पासी का कहना है कि प्रदेश की योगी सरकार में किसानों की हालत बदहाल है। किसानों को समय पर ना तो खाद मिल पाती है, न बीज और ना सिंचाई के लिए पानी कैसी होगी किसानों की उन्नति। उन्होंने रजबहा में छुड़वाने के लिए जिलाधिकारी से मांग की है।


वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामकिशोर मौर्य का कहना है कि प्रदेश की योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने का ढिंढोरा पीटती है किंतु आलम यह है कि सिंचाई के संसाधनों के अभाव में काफी किसान धान की नर्सरी नहीं कर पाए है, धान की रोपाई शुरू हो गई है और अभी भी रजबहा में पानी नहीं छोड़ा गया, क्या इसी तरह किसानों की आय दूनी होगी।



कुम्भी प्रधान अशर्फीलाल यादव, तथा सपा युवजन सभा के बछरावां विधानसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश रावत ने सिंचाई विभाग से बैंती रजबहा के हेड़ में जमा शिल्ट सफा कराने के साथ ही रजबहा में पानी छोड़ने की मांग की है।

## एक नजर

### जामुन तोड़ने के दौरान पेड़ से गिरा बालक, गंभीर

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ढाबा गांव में जामुन तोड़ने के दौरान एक किशोर पेड़ से गिर गया। घटना में 15 वर्षीय ऋतिक गंभीर रूप से घायल हो गया। ऋतिक, पुत्र अनिल जो घर के बाहर जामुन के पेड़ पर चढ़कर फल तोड़ रहा था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया। गिरने से उसके सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं। परिजन तुरंत उसे प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद ऋतिक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### भूसा निकाल रही महिला की सांप के डंसने से मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** जानवरों के लिए भूसा निकाल रही महिला को सांप ने डस लिया। उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान बुधवार की दोपहर उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन महिला का शव घर लेकर चले गए। जानकारी होने पर बेनीगंज पुलिस ने महिला के शव का का पोस्टमार्टम कराया है। बेनीगंज कोतवाली के ऐमा निवासी रामदास की पत्नी रूपरानी (50) मंगलवार को घर में जानवरों के लिए भूसा निकाल रही थी, उसी बीच उसे सांप ने डंस लिया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान बुधवार दोपहर में उसकी मौत हो गई।

### युवती घर से लापता, आरोपी युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** एक युवती को फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के अनुसार 23 जून को दोपहर में उसकी 19 वर्षीय पुत्री को पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम गजुआ खेड़ा निवासी विपिन, खुशबू के सहयोग से फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# आपातकाल लगाकर रौंदा गया था बाबा साहेब के सपनों का भारत

## देश में लगाई गई इमरजेंसी की 50वें वर्ष पर हुई गोष्ठी में बोले प्रभारी मंत्री असीम अरुण

संवाददाता, हरदोई



आपातकाल की बरसी पर आयोजित गोष्ठी में बोलते प्रभारी मंत्री असीम अरुण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के श्रीशचंद्र बारातघर में भाजपा द्वारा आयोजित आपातकाल की 50 साल होने पर मुख्य अतिथि समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में 25 जून 1975 को देश को एक ऐसे काले कानून के तहत बंधक बना लिया गया था, जिसमें संविधान प्रदत्त सभी अधिकारों को छीन सिर्फ सांस लेने के लिए छोड़ा गया। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के सपनों के भारत को रौंदने का कार्य किया गया।

मंत्री श्री अरुण ने कार्यक्रम में सम्मानित लोकतंत्र सेनानियों और उनके परिवारों का धन्यवाद किया। कहा कि लोकतंत्र सेनानियों का आपातकाल को खत्म करवाने और कांग्रेस सरकार को घुटने पर लाने का महत्वपूर्ण योगदान था।

क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा ने कहा कि आज भी लोकतंत्र सेनानियों की आपबीती सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते है। कांग्रेस पार्टी दोहरे चरित्र की पार्टी है। अपने काले कारनामों को छुपाने के लिए वह किसी भी हद को पार कर सकती है। संविधान बचाओ का नारा उसी षडयंत्र की बानगी थी, जिसमें देश की जनता भटक गई थी, पर उस गलती को समझ जनता ने अंत प्रदेशों के चुनाव में कांग्रेस की मिट्टी पलीत कर दी।

जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी ने कहा कि हम लोकतंत्र सेनानियों का नमन करते हैं। जिनके साहस के आगे लोकतंत्र को कुचलने वाली कांग्रेस पार्टी को घुटने टेकने पड़े। आपातकाल पर जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने देश के ग्रन्थ संविधान को पॉकेट बुक बना दिया। कभी बैठ कर पढ़ा नहीं होगा लेकिन पॉकेट बुक के रूप में उसको लेकर घूम रहे हैं। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी देव नारायण तिवारी, अरुण कुमार, फूल सिंह यादव, रामकली, रामबक्श, रामकृष्ण राठौर, टीकाराम, महदेई, रमई, शिवचरण, अरुण कुमार बिटोली सहित बयालीस लोगों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित रहे पूर्व जिला अध्यक्ष विद्याराम वर्मा राम बहादुर सिंह राजीव रंजन, पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक अजय अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री, अभियान संयोजक संदीप सिंह, प्रीतेश दीक्षित, पूर्व नगर अध्यक्ष अजीत उपाध्याय, ऋषभ त्रिपाठी व आदेश शुक्ला सहित अनेक भाजपाई मौजूद रहे।



प्रदर्शनी का उद्घाटन करते प्रभारी मंत्री असीम अरुण। अमृत विचार

### प्रभारी मंत्री ने की प्रदर्शनी की शुरुआत

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** शहीद उद्यान परिसर में आपातकाल की 50वीं बरसी पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका जिले के प्रभारी मंत्री ने प्रदर्शनी का फीता काट कर शुभारंभ किया। प्रदर्शनी से लोगों को आपात काल में हुई दिक्कतें व इससे हुए नुकसान के बारे में बताया गया। इसके बाद परिसर में ही एक पेड़ मां के नाम पर वृक्ष रोपित किया।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मैच कुकुरी लाइन्स टीम ने जीता

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** कुकुरी गांव के मैदान में बुधवार को केपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा नेता अजय कुमार सिंह आदित्य ने फीता काटकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि जीवन में खेल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए, बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास के लिए जरूरी है। खेल हमें स्वस्थ रहने, तनाव कम करने, टीम वर्क और नेतृत्व कौशल सीखने, और सामाजिक रूप से जुड़ने में मदद करते हैं।

कुकुरी लाइन्स टीम के कप्तान अतुल सिंह ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। निर्धारित ओवरों में टीम ने 8 विकेट खोकर 124 रन बनाये इसके जवाब में बड़ी कुकुरी के कप्तान अमन की टीम ने 7 विकेट खोकर निर्धारित ओवरों में 100 रन बनाये।24 रनों लाइन्स कुकुरी टीम ने मैच जीता।लाइन्स कुकरी के खिलाड़ी हिमांशु सिंह चौहान ने 3 विकेट व 30 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच चुने गये। मैच के दौरान ज्ञानेन्द्र सिह, राकेश अर्कवंशी, धीरज , दीपू, अमित सिंह, आशीष दीक्षित व रानू सिंह अनेक खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## विद्युत आपूर्ति व्यवस्था न सुधरने पर भाजपा विधायक ने धरने पर बैठने की दी चेतावनी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिले में इन दिनों बिजली की भीषण समस्या है। गर्मी के मौसम में घंटों लोगों को बिना बिजली के रहना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति और भी दयनीय है। यहां पर कई-कई दिन लोग इस भीषण गर्मी में बिना बिजली के गुजर बसर कर रहे हैं। बिजली की समस्या को लेकर पूरे जिले में हाहाकार मचा हुआ है। इस समस्या को दूर कराने के लिणए न तो कोई अधिकारी और न ही जनप्रतिनिधि प्रयास कर रहा है। अपने निर्वाचन क्षेत्र में बिजली की भीषण दिक्कत पर आखिर भाजपा विधायक


Shyam Prakash
12m
बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी पिहानी की बिजली को दुरुस्त कर जनता कि समस्या का समाधान करे। अगर मुझे धरने पर बैठना पड़ा तो उचित msg नहीं जायेगा, फिर हर चैनल पर यही मीडिया वाले खबर चलाएंगे कि भाजपा विधायक ने अपनी ही सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा॥ अगर कष्ट जनता को है तो हमको भी है और फिर जिम्मेदार अधिकारियों को भी होगा क्योंकि इससे जनता में हमारी और सरकार कि भी बदनामी हो रही है 🙏 शोशल मीडिया पर ज्ञान और शिकायत करने वाले लोग और जनता को भी यह लड़ाई लड़नी होगी॥

विधायक द्वारा किया गया ट्यूट।

श्याम प्रकाश का गुस्सा फूट ही गया। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने गुस्से को जाहिर करते हुए अधिकारियों को चेतावनी भी दी है कि अगर समस्या का समाधान न हुआ तो उन्हें अपनी ही सरकार में धरने पर बैठना पड़ेगा।

बताते चले कि विधायक के क्षेत्र के लोगों ने भीषण गर्मी में बिजली न मिलने की समस्या से विधायक को अवगत कराया। कई लोगों ने बिजली न आने की शिकायत विधायक से की। तमाम शिकायतें मिलने के बाद विधायक ने सोशल मीडिया पर ट्यूट पर बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से बिजली की समस्या दूर कर जनता की समस्या को निदान करने को कहा। उन्होंने कहा कि अपनी ही सरकार में अगर उन्हें धरने पर बैठना पड़ा तो ठीक नहीं होगा। विधायक ने यह भी कहा कि बिजली न मिलने से जहां जनता को कष्ट हो रहा है, वहीं सरकार की भी बदनामी हो रही है।

## सार-संक्षेप

### किशोरी को अगवा करने का आरोप, दो पर रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** किशोरी के पिता ने दो युवकों पर पुत्री को अगवा करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़ित पिता के अनुसार 22 जून की दोपहर उसकी 16 वर्षीय बेटी घर से बाहर बने शौचालय में गई थी। उसे गांव निवासी नाजिश अपने साथी मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम नगरिया निवासी अरमान के साथ जबरदस्ती अपने साथ ले गया। पुत्री के शोर मचाने पर गांव के अल्लाह बक्स ने उसके घर सूचना दी। वह परिजनों के साथ पुत्री को तलाश करने लगा। 22 जून को ही सुबह करीब 10 :30 बजे ग्राम ईसाई पुरवा के निकट उसकी पुत्री का शोर सुनकर ग्रामीणों ने आरोपियों को ललकारा तो आरोपी उसकी पुत्री को छोड़कर भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पिहानी पुलिस ने विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बालक के साथ कुकर्म का आरोपी बाल अपचारी पकड़ा

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पिहानी क्षेत्र में छह वर्षीय बालक के साथ गांव के ही एक बाल अपचारी ने कुकर्म किया। बालक के पिता ने मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस ने आरोपी बाल अपचारी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी बाल अपचारी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। पीड़ित का मेडिकल कराया जा रहा है। दूसरी तरफ ग्रामीणों के मुताबिक वादी व आरोपी के परिजनों में जमीन व मकान को लेकर पहले से विवाद चल रहा है यह मुकदमा इस रंजिश में लिखवाया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर पाल के मुताबिक मुकदमा लिखने के बाद मामले की जांच की जा रही है।

### जन्म प्रमाण पत्र के लिए लगे कैंप में जुटी भारी भीड़

**टोंडरपुर, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड टोंडरपुर सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा के निर्देशों पर 24 जून से शिविर की शुरुआत की गई है, ,जिसमें बड़ी संख्या में लोग अपने अपने बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में जुटे हुए हैं। बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय पर चार दिवसीय शिविर का आयोजन कर शुरुआत की है जिसमें एक साल से अधिक बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनने की प्रक्रिया शुरू की गई। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि इन दो दिनों में 84 आवेदनों को तहसील भेजा गया हैं और अभी आगे की प्रक्रिया चल रही है आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में आए हुए लोगो ने अपने-अपने बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में लगे हुए हैं इस मौके पर नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी,खंड शिक्षा अधिकारी सहित ब्लॉक के सभी ग्राम विकास और ग्राम पंचायत अधिकारी मौजूद रहे।

### सत्संग के बीच ढोलक मास्टर की तबियत बिगड़ी, मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बाला जी मंदिर में हो रहे सत्संग के दौरान ढोलक मास्टर की तबियत बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। मंगलवार को चांद बेहटा के लीलाधर की मण्डली खेतुई स्थित बालाजी मंदिर में सत्संग कर रही थी। तभी लीलाधर के छोटे भाई ढोलक मास्टर श्रीधर (70) की तबियत बिगड़ी और वहीं सत्संग में गिर पड़े। उन्हे इलाज के लिए ले जाने से पहले ही मौत हो गई। मंदिर की व्यवस्था देख रही समिति ने शव को अपनी निगरानी में लिया और कोई आरोप सामने न आने पर उसे बड़े भाई लीलाधर को सौंप दिया गया।

# भूमि विवादों में तत्काल की जाए कार्रवाई : डीएम

संवाददाता, हरदोई



पीड़ितों की शिकायतें सुनते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने बुधवार को जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। कुल 102 जन शिकायतें आयीं। डीएम ने मौके पर ही पात्रों की वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन बनवाई। कई पात्रों के राशन कार्ड भी बनवाये गए। उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि अंश निर्धारण व वरासत के प्रकरणों को लंबित न रखा जाये। पैमाइश के प्रकरणों में कार्रवाई में देरी न की जाये। भूमि विवाद के मामले में प्रशासन व पुलिस की टीम मौके पर जाकर तत्काल कार्रवाई करे। अहिरोरी विकास खण्ड की एक महिला सुमन को उन्होंने तत्काल उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बनवाने, पेंशन बनवाने व उनके बच्चे को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित करवाने के निर्देश दिए। दिव्यांग अजय की दो बेटियों को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित करवाने के निर्देश दिए। एक बच्चा शिवांशु जिसके पिता जब वह 6 माह का था तब उसके पिता गुजर चुके थे, अब वह 12 साल का हो चूका है। जिलाधिकारी ने बच्चे को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। शाहाबाद तहसील की अनवरी नाम की एक महिला बंटवारे को प्रकरण लेकर जिलाधिकारी के पास पहुंची थी। जिलाधिकारी ने मूल समस्या के समाधान के साथ उनकी पेंशन व आयुष्मान कार्ड भी मौके पर ही बनवाया।

### उद्योगों की समस्याओं का प्राथमिकता से कराएं निस्तारण

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने जिला उद्योग बंधु व व्यापार बंधु की बैठक में कहा कि उद्योगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाये। जिन औद्योगिक क्षेत्रों में जिला पंचायत द्वारा कर लिया जाता हैं वहां जिला पंचायत द्वारा रख-रखाव पर किये जाने वाले खर्च का ब्यौरा प्राप्त किया जाये। बिलग्राम रोड पर इंडस्ट्रियल फीडर का कार्य जल्द पूरा कराया जाये। संडीला औद्योगिक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाया जाये। उपायुक्त उद्योग ने प्लेज पार्क के बारे में बताया। बताया कि निजी भूमि पर प्लेज पार्क बनाया जा सकता है। भूमि का आकार 10 से 50 एकड़ के बीच होना चाहिए। विकास के लिए प्रति एकड़ 50 लाख तक का लोन मिलेगा। यह लोन एक प्रतिशत ब्याज पर दिया जायेगा।

## रुइयागढ़ी में स्मृति उपवन किया जाए विकसित : डीएम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति व जिला गंगा समिति की बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी वृहद वृक्षारोपण हेतु गड्ढा खुदाई की सूचना प्रेषित की जाये। वृक्षारोपण के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की जाये। वृक्षारोपण स्थलों का चिन्हीकरण करा लिया जाये। रुईयागढ़ी में स्मृति उपवन विकसित किया जाये। बड़ी गौशालाओं में वृक्षारोपण कराया जाये। अमृत सरोवरों के किनारे पौधरोपण किया जाये। बालवन के लिए विद्यालय चिन्हित किये जाएं। डीएफओ ने बताया कि उनके कार्यालय में 30 जून को वृक्षारोपण, हरीतिमा ऐप व जियो टैगिंग का प्रशिक्षण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि रुईया गढ़ी का इको टूरिज्म विकास कराया जाये। राजघाट में भागीरथी द्वार बनवाया जाये। सभी गंगा ग्रामों से गंगा में प्रदूषित जल प्रवाह रोकने के लिए डीपीआर तैयार करायी जाये। मेंहदीघाट के विकास के लिए डीपीआर तैयार किया जाये। बैठक में जिला गंगा समिति के सदस्य व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक अशोक सिंह ने जिलाधिकारी को गंगा जल भेंट किया। इस मौके पर सीडीओ सौम्या गुरूरानी, सम्बंधित अधिकारी व समितियों के सदस्य उपस्थित रहे।

### घर के बाहर खेल रही 6 साल की बच्ची से 60 साल के वृद्ध ने की गलत हरकत, गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** 6 साल की बच्ची घर के बाहर खेल रही थी, उसी बीच वहीं पड़ोस में रहने वाला 60 साल का बुजुर्ग उसे बहाने से खेत पर ले गया, जहां उसने बच्ची के साथ गंदी हरकत की, शोर होने पर वह भाग गया। उसके अगले दिन पुलिस ने केस दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। 20 जून की दोपहर साण्डी थाने के एक गांव में 6 साल की बच्ची घर के बाहर खेल रही थी, उसकी मां सरकारी दुकान से राशन उठाने गई हुई थी। उसी बीच गांव निवासी 60 साल का बुजुर्ग जगदीश बच्ची को बहाने से खेत पर लेकर चला गया और वहां उसके साथ गंदी हरकत करते लगा। उसकी हैवानियत से डरी-सहमी बच्ची के शोर करने पर आरोपी वहां से भाग गया। किसी तरह बच्ची अपने घर पहुंची और मां को सारी बात बताई। मां ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी जगदीश के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## डीआरएम ने किया माल गोदाम का निरीक्षण

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** माल गोदाम की अव्यवस्थाओं को देखने के लिए बुधवार को डीआरएम व रेलवे के अन्य अधिकारी हरदोई रेलवे स्टेशन पर पहुंचे, जहां उन्होंने तमाम खामियों को देख नाराजगी जताई। माल गोदाम पर पेयजल व शौचालय की व्यवस्था तत्काल कराने के निर्देश दिए।

बताते चले कि हरदोई स्टेशन खदरा क्रासिंग के पास माल गोदाम में तमाम अव्यवस्थाएं हैं। करोड़ों रुपये सरकार को देने के बाद भी व्यापारियों को तमाम दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। इन दिक्कतों की शिकायत रेल मंत्री से की गई थी। शिकायत पर डीआरएम राजकुमार सिंह, सीनियर डीसीएम मालाभाड़ा ऋचा शर्मा बुधवार को यहां पहुंची। उन्होंने खदरा क्रासिंग पर जलभराव होने पर नाराजगी प्रकट की। तत्काल पंप लगवाकर पानी की निकासी की व्यवस्था कराने को कहा। शौचालय व पेयजल की व्यवस्था तत्काल कराने के निर्देश स्थानीय अधिकारियों को दिए। निर्माण संबंधी दिक्कतों को प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए। श्रमिकों के लिए टीनशेड बनवाने के साथ ही प्रकाश की और अधिक व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। खदरा माल गोदाम प्लेटफार्म की ऊंचाई व लंबाई बढ़ाने के प्रस्ताव भी को शीघ्र बनवाकर भेजने की बात अधिकारियों ने कही।

### दहेज हत्या के आरोपी को भेजा गया जेल

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** पचदेवरा थाना पुलिस ने बुधवार को दहेज हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जनपद शाहजहांपुर निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर गिरफ्तार आरोपी सहित चार आरोपियों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। बीती 4 जून को महेंद्र सिंह निवासी ग्राम फाजिलपुर मदनापुर जनपद शाहजहांपुर द्वारा पचदेवरा थाने में तहरीर दी गई थी कि कुंवर बहादुर निवासी ग्राम सहसोगा सहित चार आरोपियों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पुत्री को प्रताड़ित किया गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने दहेज हत्या सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया।

**शांति शिविर** | सात दिवसीय शांति शिविर का हुआ आयोजन

# शांति मनुष्य की बुनियादी जरूरत : प्रेम रावत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सात दिवसीय शांति शिविर में अपने वीडियो प्रवचन के माध्यम से प्रेम रावत ने कहा कि शांति मनुष्य की बुनियादी जरूरत है। अशांति से बचने के लिए संसार में शांति स्थापित करनी होगी। मनुष्य ने पूरे विश्व में मनुष्यों सहित अन्य जीव-जंतुओं को भी अशांत कर रखा है। मनुष्य यह भूल गया है कि श्वास का आना - जाना ही बनाने वाले की सबसे बड़ी कृपा है। विश्वभर में सब भगवान के नाम पर एक - दूसरे से लड़ रहे हैं। इससे बचने के लिए जीवन में शांति लानी होगी।

फर्दापुर स्थित एक लॉन में न्यू वेंचर प्रेम रावत डॉट कॉम की ओर से आयोजित वीडियो प्रवचन कार्यक्रम के दौरान शांतिदूत प्रेम रावत ने व्यक्त किए। वीडियो में ही दिखाया गया कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने प्रेम रावत का स्वागत करते हुए कहा कि जिस प्रकार गंगा एवं हिमालय विश्व को प्रेम का संदेश देते हैं। उसी प्रकार श्री प्रेम रावत भी प्रेम एवं मानवता का संदेश देते हैं और उन्होंने कहा कि हमारे जीवन को सार्थक करने में श्री प्रेम रावत जी की ओजस्वी वाणी फलदाई होगी।

### श्रीराम कथा में मनाया गया श्रीराम जन्मोत्सव

**हरदोई, अमृत विचार।** श्रीराम कथा के चौथे दिन बुधवार को कथा व्यास शिवानंद भाई श्री के मुखार बिंदु से हो रही अमृत वर्षा में प्रातः हवन पूजन आचार्य निर्मल शास्त्री और श्री राम मित्र मंडली के द्वारा हुई। इस भव्य कथा में श्री राम जी का जन्म दिन मनाया गया। श्रीराम जन्मोत्सव पर भय प्रगट कृपाला दीन दयाल, कौशल्या हितकारी... पंडाल पर श्रोता झूम उठे। आरआर इंटर कॉलेज मैदान में अखिल भारतीय श्रीराम नाम जागरण मंच के तत्वावधान में श्रीराम परिवार मित्र मंडली के संयोजन में आयोजित 11 दिवसीय आदिवासी श्रीराम कथा एवं पर्यावरण



कथा व्यास शिवानंद भाई।

सुरक्षा यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर भक्ति, भाव और दिव्यता की त्रिवेणी बह उठी। कथा व्यास ने भय प्रगट कृपाला दीन दयाल, कौशल्या हितकारी....के साथ श्रीराम के प्राकट्य की घोषणा की।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in Any Stream | 2 Years |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in Any Stream | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| M.Sc. (Medical Anatomy)<br>M.Sc. (Medical Biochemistry)<br>M.Sc. (Medical Microbiology)<br>M.Sc. (Medical Physiology)<br>M.Sc. (Medical Pharmacology) | Candidate must have passed three years undergraduate program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) with Biological Sciences as one of the subjects or MBBS, BDS, BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. Nursing must have passed from a recognized University. | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M with Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (with English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : info.vacps@vau.edu.in

ADMISSIONS NOW!

